I am glad that Mr. Tiwary did not agree with Mr. Lobo Prabhu about the interpolation of another cadre. Mr. Tiwary also felt that the doctors should be happy and should not feel inferior to the engineers. I do not know how he got this impression. If there is any specific case or any specific suggestion, he may kindly pass it on us and we shall look into it. He wanted sheds to be constructed at Bagaha and Adapur and a half station to be provided at Bhitharwa. We shall consider these points. I can assure the Hon. Member that if possible I shall visit these sections because it is a border area and I shall myself see what can be done.

Mr. Mayavan is against the surcharge levied on sleepers and he said that the most affected persons by this will be the southerners; he says : by virtue of the capital of India being in the northernmost part, people from the south coming for interview will have to pay Rs. 8 more in the case of Tamilians and Rs. 12 more in the case of Keralites. With due apology to the Hon. Member, the way it has been put does not look well. It is correct to point out any difficulty or make any suggestion; he can say that there should not be any surcharge on sleeper coaches; many Hon. Members have said so. But he could have put it in a better way.

AN HON. MEMBER : What is your answer to his suggestion ?

SHRI R. L. CHATURVEDI : Whatever has to be said will be said by the Hon. Minister when he replies to the debate.

Mr. Mayavan has also made a suggestion for concessional railway fares to

recognised drama and dance troupes. I cannot say anything about this offhand. If there is any particular thing, we shall see that it is carefully examined... (*Interruptions.*) If there are some points that are not replied to during the course of this debate, they will be replied to in due course of time. Mr. Mayavan also referred to the change of name of Dalmiapuram to Kallakudi and said that the Railway Minister would not pave the way for another agitation. Some questions were also asked and I have also replied to them earlier. There is a procedure in such cases. When a suggestion for changing the name of a particular station is submitted, we pass it on to the Home Ministry. It must be from the State Government....(An Hon. Member : Distriction administration to the State Administration). It is the State Government and the Home Ministry which should agree. We the railways, on our part, generally try to accommodate the wishes of the people there, and the leaders, residing nearabout that area. But the point is, it is not so much in our hands as it is a question to be decided between the State Government and the Home Ministry. (*Interruption*) If that stand could be understood. I hope the remark made by the Hon. Member that it will pave the way for another agitation would not have been made. This is not a question of the railways coming in between at all. If it is the wish of the people in that area, the State Government and the Home Ministry naturally have to consult—

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : That is a moot point. (*Interruption*). The name of the place was Kallakudi. Actually, a businessman went there and started a cement plant there and then gave his own name to that place. Now, we want that old name to be resumed. When the name Dalmiapuram was given to that station, was it done with the concurrence of the Home Ministry here?

SHRI R. L. CHATURVEDI : The point is.... (*Interruption*).

SHRI S. KANDAPPAN : How did you recognise it? (*Interruption*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : He has made the suggestion.

SHRI R. L. CHATURVEDI : The Hon. Member will kindly bear with me.

SHRI S. KANDAPPAN : This is a moot point. We only want to keep the old name. These people do not understand this. The old name was Kallakudi. The businessman went there and gave it his own name. (*Interruption*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : Order, order.

SHRI R. L. CHATURVEDI : If only the Hon. Member could hold his patience,—

SHRI S. KANDAPPAN : How did you make it Dalmiapuram, in your record?

SHRI R. L. CHATURVEDI : I quite understand and appreciate the feelings of the Hon. Member in the matter of that station being now called Dalmiapuram. What I beg to submit is only this. It has got to be appreciated. I humbly beg to submit that for the change of name, there is a set procedure. After all, the State Government is there and for any change of name, it is not only the railways that can agree and get it done.

SHRI C. CHITTYBABU (Chingleput) : Have you not received the request from the State Government? (*Interruption*).

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak): The hon. Minister making his maiden speech.

श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या यहां पर कोई मन्त्री लिखा लिखाया भाषण पढ़ सकता है ? उनको अध्ययन करके यहां पर भाषण देना चाहिए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : As a Minister, it is his maiden performance. He was a Member of the House formerly, I know.

श्री अ० सिं० सहगल (बिलासपुर) : हमको आप से यह कहना है कि जिसको लिखना नहीं आयेगा, पढ़ना नहीं आयेगा, वह लिखकर क्या बोलेगा ?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal) : I take very strong objection to the remark passed by the hon. Member. (*Interruption*).

SHRI RANDHIR SINGH : How do you allow this, Sir ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : The remark was a threat of agitation.

SHRI S. XAVIER (Tirunelveli) : There is a reason for it. Formerly it was Kallakudi.

SHRI S. KANDAPPAN : He expressed his apprehension; it is not a threat.

SHRI S. XAVIER : He was right in expressing that apprehension. The original name of the station was Kallakudi. But after the Dalmia cement factory was established there, the station was named after him as Dalmiapuram.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Kandappan has just now explained the history of the change. It is already on record.

SHRI S. XAVIER : When the original name was Kallakudi, for changing it to Dalmiapuram, there was an agitation by the people. That is what the hon. Member says; that there should not be any more room for any agitation.

SHRI C. CHITTYBABU : For the change in name to Dalmiapuram, there was an agitation.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Kandappan has given the history of the change and he is considering it.

SHRI S. KUNDU : My friends know that Shakespeare said, what is there in a name? The only question is, the name should not be that of a capitalist. The Minister should consider it. (*Interruptions*).

SHRI S. M. BANERJEE : In the matter of giving names to railway stations, whether it is Dalmianagar or Dalmiapuram, they start a particular factory and name that place according to their own choice. Is this going to be the policy of the Railway Ministry to name the stations? Dalmia is not a national leader. Let him explain that.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Kandappan has explained the history of the change and the Minister is considering the matter. It should rest there.

SHRI R. L. CHATURVEDI : Mr. Biswas and Mr. Daschowdhury mentioned about the circular railway in Calcutta. In this connection, I have to mention that a survey has been undertaken for two lines—one from Dum Dum to Princep Ghat and another from Dum Dum to Ballygunj through the salt lake area. This survey is yet to be completed. A preliminary survey report has come. The final report is yet to come.

SHRI S. KUNDU : Yesterday this point was mentioned when Mr. Ghosh was not here. It was said that Mr. Ghosh announced in Calcutta that this circular railway will definitely be built in Calcutta. Now that Mr. Ghosh is present here, let him say that once the survey report is received, the circular railway is going to come up there. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Poonacha will cover all the remaining points when he replies. The Deputy Minister may conclude now.

SHRI R. L. CHATURVEDI : I am concluding, Sir. Shri N. N. Patel had desired the stoppage of the Gujarat Express at Bilimoria and Navsari stations. In this connection, I may inform the House that the No. 12 Up Gujarat Express is being provided stoppages at these stations in the time-table to come into force from 1-4-68. I may add that the Hon. Member from Bulsar has pointed out certain grievances and has made some suggestions. I may assure him that the points made by him will receive our greatest attention. He had also made some request to me earlier and I will look into that also.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Hon. Deputy Minister must try to conclude now.

SHRI R. L. CHATURVEDI : Sir, I will take only two more minutes. Shrimati Sangam Laxmi Bai....

MR. DEPUTY-SPEAKER : For saving the time of the House I would

suggest that, individual suggestions apart, only general policy matters, financial implications and labour matters may be dealt with. If the hon. Deputy Minister is going to reply to every suggestion made by hon. Members, I am afraid, I have no time.

SHRI R. L. CHATURVEDI : In the end, Sir, I conclude by saying that the suggestions made by hon. Members from every section of the House, will receive my utmost consideration. I will go a step further and say that if any hon. Member thinks that I personally have to go to a particular side or see some important thing I can assure him that I will certainly try my best to accommodate him.

SOME HON. MEMBERS *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : If there are any question hon. Members may address them to Shri Poonacha when he replies in the end.

SHRI S. M. BANERJEE : Sir, the point raised was about introduction of automation in the Railways. Is Shri Poonacha going to reply to that, because the hon. Deputy Minister has replied to all the points ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : If he fails to reply then you can raise it.

श्री रा० स्व० विद्यार्थी (करौल बाग) : उपाध्यक्ष महोदय, इंडियन रेलवेज पब्लिक कंसर्न न होकर रेलवे बोर्ड की जागीर मात्र रह गई है । मुझे इस बात का दु:ख है कि रेलवे मंत्री महोदय बेबस हो गये हैं । वह रेलवे बोर्ड के केवल एक टियुटलर हैड हैं उनका अधिकार कुछ नहीं है । यह बात मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि रेलवे मंत्री महोदय रेलवे बोर्ड की हिज मास्टर वाइस का काम करते हैं । रेलवे बोर्ड की जागीर यदि खत्म नहीं हुई तो रेलवेज कभी भी मुनाफा नहीं दिखा सकती हैं ।

अभी पिछले सत्र की बात है मैंने एक सवाल रेलवे मंत्री से पूछा था कि बतलाइये पाकिस्तान में हिन्दुस्तान के कितने वैगंस चोरी हो कर गये हैं ? उन्होंने इन्कार कर दिया और कहा कि कोई भी वैगन पाकिस्तान में चोरी होकर नहीं गया है । लेकिन उसी प्रश्न के सम्बध में जो जानकारी सुलभ की गई थी उससे मालूम पड़ा कि ईस्ट और वैस्ट पाकिस्तान के अन्दर हिन्दुस्तान के एक, दो और दस नहीं बल्कि दो हजार वैगंस पाकिस्तान को गये हैं । जब उनसे पूछा गया कि वह यह बतलायें कि किस जोन के ऊपर कितने रेलवे वैगंस मिसिंग हैं तो उसके जवाब में मुझे बतलाया गया कि तकरीबन दो हजार वैगंस मिसिंग हैं और वह उन जोंस से मिसिंग हैं जिनका पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध है जो कि पाकिस्तान की सीमा तक जाती हैं ।

15.19 Hrs.

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair*]

जैसा मैंने पहले कहा और फिर दुहराना चाहता हूं कि रेलवे मंत्री महोदय का बजात खुद उनका अपना कुछ नहीं है वह रेलवे बोर्ड की हिज मास्टर वाएस हैं और उन्हें रेलवे बोर्ड जिस तरीके से बोलने के लिए कहता है वह वैसे ही यहां पर बोल देते हैं । इस कारण जितने आक्षेप उन पर लगाये गये हैं वह इन हालत के अन्दर उचित नहीं लगते हैं । अगर रेलवेज में वह मुनाफ़ा दिखाना चाहते हैं तो सबसे पहले वह रेलवे बोर्ड को समाप्त करें । यह थोड़ी सी चीरफाड़ से काम नहीं चलेगा इसके लिये मेजर आपरेशन की जरूरत है ।

अभी पीछे की बात है उत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के प्रधान न रेलवे बोर्ड के चेअरमैन से टेलीफोन पर कुछ बातें करनी चाहीं लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया कि नहीं मैं बातचीत नहीं करूंगा । वह व्यक्ति इस पार्लियामेंट के एक माननीय सदस्य हैं । हालत यहीं तक नहीं है बल्कि जो नीचे उनके जागीरदार हैं छोटे-छोटे, उन तक भी रेलवेज के जो सारे कर्मचारी हैं उनकी रसाई नहीं है । वह उन तक नहीं पहुंच सकते हैं । यदि कोइ अपने दुख का रोना रोने के लिये उनके पास जाता हूं तो जितने आर० पी० एफ०

[श्री रा० स्व० विद्यार्थी]

के लोग हैं वह उसका घेरा डालते हैं और वह जनरल मैनजर से नहीं मिल सकता है।

बतलाया गया है कि रेलवे में घाटे के दो बड़े कारण हैं। एक तो यह कि जो गुड्स ट्रैफिक था वह ट्रांस्पोर्ट की तरह डाइवर्ट हो गया और दूसरा यह कि ऐडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपन्डिचर बहुत ज्यादा बढ़ गया। जब रेलवे मंत्री यह मानते हैं कि गुड्स ट्रैफिक रोड्स को तरफ डाइवर्ट हो गया है तो उन्हें चाहिये था कि कम्पीटीशन के लिये कोई साधन जुटाते। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अगर रोड्स के साथ कम्पीटीशन करना हो तो उनको चाहिये था कि वह फ्रेट को कम करते, लेकिन उसको जगह वह फ्रेट और ज्यादा बढ़ाना चाहते हैं। रेलवे आज एक ऐसा हौज है जिसमें इन-कमिंग पानी जो होता है वह बहुत कम है। लकिन इस तरह से उसका आउटलेट कभी पूरा नहीं होगा और आज ही नहीं, हमेशा हमेशा के लिये रेलवे मंत्री महोदय साधारण जनता पर और टक्सों का बोझ लादने के लिये उपस्थित होते रहेंगे। मेरी प्रार्थना है कि उनकी जो नीति है हर साल किराया बढ़ा देने की उसको वह बदल दे। अगर उनकी यही नीति चलती रही तो इससे रेलवे का फायदा नहीं होगा।

मंत्री महोदय को चाहिये कि रेलवे ऐडमिनिस्ट्रेशन में जो कमियां हैं जिनकी वजह से घाटा होता है, उन्हें भी दूर करें। अभी बतलाया गया कि रोड ट्रांस्पोर्ट की तरफ सारा गुड्स ट्रैफिक डाइवर्ट हो रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्यों है? क्या कभी रेलवे मंत्री महोदय ने इसको जानने का प्रयास किया है? क्या उनको मालूम नहीं है कि जब भी कोई आदमी अपना सामान बुक करने के लिये रेलवे कर्मचारी के पास जाता है तो बगैर पैसा दिये हुए उसको वैगन नहीं मिलता, और जब कहीं कोई सामान छुड़ाने जाता है तो बगैर उसकी भेंट चढ़ाये उसको सामान नहीं मिलता है। कई दफे ऐसा कह दिया जाता है कि सामान आया नहीं है जबकि सामान पड़ा रहता है और आदमी को डिमरेज देना पड़ता है। क्या रेलवे मंत्रालय ने इस का प्रयास किया कि इसको रोका जाये? केवल एक जनरल मैनेजर बढ़ा देने से या कुछ इन्स्पेक्टर बढ़ा देने से ही यह मसला हल नहीं होगा। चाहिये तो यह था कि जो असुविधा रेलवे द्वारा जनता को होती है, उसको दूर किया जाता, लेकिन इधर रेलवे मंत्री महोदय ने बिल्कुल ध्यान नहीं दिया।

दूसरी बात यह है कि जो मवेशी आदि थे पहले वह रेलवे की मोनोपोली थे क्योंकि उन के लिये और कोई साधन नहीं था उनको लाने ले जाने के लिये। मैं पूछना चाहता हूं कि वह क्यों ट्रक्स की तरफ डाइवर्ट हो गया? आज रेलवे में एक मंत्री हैं एक राज्य मंत्री हैं एक उप-मंत्री हैं। क्या उन्होंने कोई प्रयास किया कि लोगों के पास जाकर उनकी तकलीफों को मालूम करें? ऐसा कोई प्रयास नहीं हुआ। इसलिये आप कितने ही टैक्स बढ़ाते जाइये मेरा ऐसा विश्वास है कि रेलवे गुड्स ट्रैफिक में कोई भी वृद्धि नहीं हो सकती अगर आपका ढांचा इसी प्रकार का रहा। इसलिये आवश्यक है कि आप इस सारे ढांचे को देखिये और मेजर आपरेशन करके जितनी गड़बड़ी होती है उसको दूर कीजिये।

अभी करप्शन की बात बहुत कही गई। कहा गया कि करप्शन जो है उसको दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मैं एक छोटा सा चित्र आपके सामने रखना चाहता हूं कि किस प्रकार रेलवे मंत्री महोदय इसके लिये प्रयास करते हैं। नार्दन जोन में विजिलेंस विभाग उन्होंने कायम किया है जिससे कि वह चाहते हैं कि करप्शन दूर हो और ऐडमिनिस्ट्रेशन में जो गड़बड़ी होती है उससे लोगों की सुरक्षा हो सके। इसके इंचार्ज एक सीनयिर डिप्टी जनरल मैनेजर हैं। उनके साथ एक विजिलेंस आफिसर हैं, फिर असिस्टेंट विजिलेंस आफिसर हैं, उसके बाद एग्जिक्यूटिव इंजीनियर विजिलेंस हैं, फिर अकाउंट्स आफिसर विजिलेंस

एक जोन के अन्दर यह है। इतने लोग एक जनरल मैनेजर के नीचे । अगर जनरल मैनेजर का मामला हो तो वह लोग हस्तक्षेप नहीं कर सकते । अगर ईमानदारी से रेलवे मंत्री महोदय और रेलवे बोर्ड चाहते हैं कि करप्शन दूर हो तो विजिलेंस का काम एक ऐसे आदमी के जिम्मे लगाया जाये जो रेलवे बोर्ड के मातहत हो । अगर वह चाहते हैं कि इसमें सुधार हो तो विजिलेंस का जो काम है और करप्शन के खिलाफ जो मुहिम है उसके लिये एक अलग कमीशन कायम किया जाये जिसका रेलवे के साथ कोई सम्बन्ध न हो और वह रेलवे के बड़े से बड़े अफसर के खिलाफ जब भी चाहे कारंवाई कर सके । अगर जनरल मैनेजर और रेलवे वोर्ड चाहते हैं कि इसी तरह से विजिलेंस का काम चले तो इसमें सफलता नहीं मिलेगी और मामला और उलझता चला जायेगा ।

रेलवे गुड्स ट्रैफिक के लिये मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि जो भी स्टेप उन्होंने लिये हैं वह पर्याप्त नहीं हैं । उनमें कुछ नहीं होगा । उन्होंने जो आफ्टर सेल्स सर्विस टु सेलेक्टेड कस्टमर्स की बात की है उससे काम नहीं चलेगा जब तक आप उसका बहुत ज्यादा प्रचार न करें । जहां तक फूड-ग्रेन का मामला है या शुगर का मामला है, यह सारी मोनोपोली रेलवे की थी । लेकिन आज वह कस्टमर्स भी रेलवे से अपना सामान नहीं भेजना चाहते । आपका रूल है कि क्लेम 60 दिनों में मिल जायेगा लेकिन उनके क्लेम मिलने में दो-दो और तीन-तीन साल लग जाते हैं। जब तकनीकी को कुछ दिया न जाय तब तक क्लेम सेट्ल नहीं होते । इसलिये मेरी प्रार्थना है यदि आप अपने गुड्स ट्रैफिक की रिकवरी करना चाहते हैं तो कुछ ऐसा काम कीजिये जिससे लोगों को आपमें विश्वास हो, उनके मन में यह बात हो कि उनका सामान सुरक्षित ढंग से और कम समय में पहुंच जायेगा । आज दिल्ली से मद्रास आने में कम से कम तीन महीने का समय लग जाता है । कस्टमर को आज यह यकीन नहीं होता है कि इतने समय तक उसके सामान की रक्षा हो सकेगी । इसलिये आप ऐसा प्रयत्न करें कि जो सामान लोग भेजें वह जल्दी से जल्दी निश्चित समय पर पहुंच जाये और रास्ते में उसकी पूरी रक्षा हो सके । साथ ही जो क्लेम हो उनके लिये भी आप प्रयत्न करें कि निपटारा जल्दी से जल्दी हो जाये ।

अभी एकानमी की बात हुई । इस विषय में मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कुछ लोगों ने कहा कि रेलवे में चोरी बहुत होती है, पिलफरेज बहुत है । इस सिलसिले में मोगलसराय का नाम लिया गया कि वहां पर एक लाख रुपये रोज की चोरी होती है । इसी तरह से वर्कशाप में भी चोरी बहुत होती है । इन चोरियों का सब से भयानक पहलू जो है वह यह है कि आर० पी० एफ० के लोग भी इस में सम्मिलित होते हैं जिनको आपने तायनात किया है इसलिये कि वह रेलवे पैसेन्जर्स और रेलवे गुडस की रक्षा करें । जहां पर भी चोरी होती है वहां वह चोरों के लिये पहरा देते हैं । उनकी साजिश से सामान निकल जाता है फिर खुर्दबुर्द होता है । अगर यह मान लिया जाये कि इसमें सिर्फ लोकल रेलवे कर्मचारियों का हाथ होता है, तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती । जब भी ऐसा होता है तो उसमें जनरल मैनेजर और रेलवे के आदमियों का हिस्सा होता है । हर एक स्टेशन पर ही 10 हजार इसको और 5 हजार फलां आदमी को देने वाले लोग रहते हैं और इस तरह से काम चल रहा है । कम से कम इसको तो रोका जाना चाहिये । आप बराबर गरीब जनता पर टैक्स लगाते जा रहे हैं । लेकिन इस ओर कभी ध्यान नहीं देते । यह काम उस वक्त तक ठीक नहीं हो सकता जब तक आप रेलवे बोर्ड को समाप्त नहीं करेंगे । मंत्री महोदय तो इसके लिये कुछ कर नहीं पाते हैं क्योंकि उनके इशारों पर तो वह स्वयं चलते हैं । उनके कामों में हस्तक्षेप करने की हिम्मत उनकी नहीं पड़ती । इस बात को कहने के लिये मंत्री महोदय मुझे माफ करें ।

[श्री रा० स्व० विद्यार्थी]

रेलवे बोर्ड की एक और विशेषता है जिस की ओर आपका ध्यान मैं आकर्षित करना चाहता हूं। ऐडमिनिस्ट्रेटिव रूल्स बनाता है रेलवे बोर्ड और उसके इंटरप्रेटेशन की हालत यह है कि एक जोन में उनका कुछ इंटर-प्रेटेशन होता है और दूसरे जोन में कुछ और तीसरे में कुछ और। अगर रेलवे बोर्ड को वह क्लैरिफिकेशन के लिये भेजा जाता है तो उसमें दो-दो और तीन-तीन साल लग जाते हैं। अभी मैं एक जगह गया था। वहां पता लगा कि फायरमैन ग्रेड ए और ग्रेड बी में प्रोमोशन का जो चांस है वहां 80 प्रतिशत ग्रेड बी से प्रोमोशन होता था और 20 प्रतिशत ग्रेड ए से होता था। बहुत सी रेलवेज ऐसी हैं जहां इस रूल की पाबन्दी होती है लेकिन नार्दर्न जोन में हालत ऐसी है कि 20 परसेंट ग्रेड बी से होता है और 80 परसेंट ग्रेड ए से होता है जबकि सदर्न जोन में हालत यह है कि 80 परसेंट ग्रेड बी से होता है और 20 परसेंट ग्रेड ए से होता है। ए ग्रेड के लिए यहां जो है उसके लिए वह बिल्कुल उलट है। बजाय इसके कि तमाम रेलवेज़ को रूल्ज़ की एक ही इंटरप्रेटेशन दी जाए, रेलवे बोर्ड कनफ्यूज़ करता है। जहां जो चीज़ चल पड़ती है वही चल पड़ती है। रेलवे बोर्ड दखल देना पसन्द नहीं करता है और न ही उसके पास इस तरह के कामों के लिए इतना समय है।

रेलवे को जो घाटा सहन करना पड़ रहा है उसका एक मुख्य कारण यह बताया गया है कि महंगाई चूंकि बढ़ गई है इस वास्ते महंगाई भत्ता देना पड़ गया है जिससे खर्चा बहुत बढ़ गया है। लेकिन आप यह भी देखें कि एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंसिस भी बहुत बढ़ गए हैं। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आप एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंडीचर की तरफ जो कि बढ़ रहा है कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आप पिछले पांच साल के आंकड़े उठा कर देखें और यह बात उनसे साफ हो जाएगी। फिर एक बात और है। आपने क्लर्कों की रिक्रूटमेंट पर तो पूरी तरह से बैन लगा रखा है लेकिन अफसरों की तादाद धड़ाधड़ बढ़ती जा रही है। पांच साल पहले दिल्ली में नार्दर्न जोन के अन्दर एक जनरल मैनेजर होता था। लेकिन आज आप देखें कि एक सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर है, फिर डिप्टी जनरल मैनेजर है, फिर असिस्टेंट जनरल मैनेजर है और इस तरह से आफिसर्स की जो कतार है वह बढ़ती ही जाती है। अब अगर एक अफसर बढ़ता है तो उस पर जितना खर्च बैठता है उसी खर्चे में पन्द्रह बीस छोटे आदमी लग सकते हैं। इन छोटे आदमियों को आप लगाने के लिए तैयार नहीं हैं लेकिन आफिसर्स की संख्या में आप दिन-प्रति-दिन बढ़ोतरी करते जा रहे हैं। कर्मशियल क्लेम्ज़ आफिस के अन्दर यहां पर अभी डेढ़-दो साल पहले 72 पोस्ट्स खाली थीं लेकिन इकोनोमी के नाम पर उनको भरा नहीं गया। कई बार इसके बारे में लिखा गया है और बताया गया है कि क्लेम्ज़ समय पर नहीं दे सकते हैं, जनता को तकलीफ होती है लेकिन आज तक उन पोस्ट्स को भरा नहीं गया है और वे खाली पड़ी हैं लेकिन इसी बीच में आफ़िसर्स इसी जोन में भरती कर लिए गए हैं। यह जो डबल स्टैंडर्डज़ की बात है यह अच्छी बात नहीं है। मैं मानता हूं कि आपका इसमें कसूर नहीं है। लेकिन रेलवे बोर्ड के साथ आपको कुछ करना होगा।

रेलवे कर्मचारियों में आफिसर्स को छोड़ कर सब में बेचैनी फैली हुई है। कोई भी रेलवे का एडमिनिस्ट्रेशन इससे बचा हुआ नहीं है। कोई भी कर्मचारी आफिसर्स को छोड़ कर एडमिनिस्ट्रेशन से खुश नहीं है सिवाय उन चन्द आदमियों के या चन्द कर्मचारियों के जो कि आफिसर्स के साथ मिल कर उनकी बेईमानी के अन्दर सहायक होते हैं, बाकी जितना भी स्टाफ है वह सारे का सारा रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन से बुरी तरह से बेचैन है। इसके बारे में भी आपको कुछ करना चाहिये।

अब मैं प्रोमोशन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। क्लास चार के जो कर्मचारी हैं

वे जीवन भर काम करते रहते हैं लेकिन उनको एक भी प्रोमोशन का चांस नहीं मिलता है । इसी तरह से क्लास तीन के जो कर्मचारी हैं उन्हें भी तमाम जीवन में एक ही स्टेप बड़ी मुश्किल से आगे मिलता है । मैं कहना चाहता हूं कि क्लास तीन और क्लास चार के जो कर्मचारी हैं उनके लिए प्रोमोशन के एवेन्यूज़ होने चाहियें । अगर उनको यह नहीं दिया जाता है तो उन में निराशा की भावना पैदा होगी और जब निराशा की भावना पैदा होती है तो आप जानते ही हैं कि आदमी ईमानदारी से और तनदेही से काम नहीं करता है । बजाय इसके कि आफिसर्स की तनख्वाह आप बढ़ाते चले जायें, उनके ग्रेड बढ़ाते चले जायें, रोजाना उनकी भरती करते चले जाएं आवश्यकता इस बात की है कि जितने निचले कर्मचारी हैं उनको आप प्रोत्साहन दें, उन्हें आप प्रोमोशन के एवेन्यूज़ दें ।

रेलवे में हज़ारों की तादाद में नहीं बल्कि लाखों की तादाद में कैज्युअल लेबर हैं । यह लेबर लगातार काम करती रहती है लेकिन हर छः महीने के बाद उसको छुट्टी दे दी जाती है और एक आध दिन का वकफा डाल कर उसको फिर बुला लिया जाता है । आप सोशलिज्म का नारा लगाते हैं । जितनी प्राइवेट कम्पनियां हैं या जितनी प्राइवेट फर्में हैं उनसे तो आप कहते हैं कि लेबर लाज़ को वे इम्प्लेमेंट करें लेकिन केन्द्रीय सरकार का यह महकमा जो है इसके ऊपर इसके बारे में कोई पाबन्दी नहीं है । छः महीने तक जो काम करता है उसको एक दिन के लिए हटा दिया जाता है और बाद में फिर बुला लिया जाता है। यह कोई ढंग की बात नहीं है । मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि ऐसे कर्मचारी जोकि छः महीने तक लगातार काम करते रहें उन्हें आप उनकी पोस्टस में परमानेंट करें उनकी पोस्टस को परमानेन्ट डिक्लेयर करें, और ऐसे लोगों को जो सहूलियतें पब्लिक सैक्टर में या प्राइवेट सैक्टर में मिलती हैं वे उन्हें भी मुहैया करें ।

आटोमेशन के बारे में अब मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं । मैं इसके खिलाफ नहीं हूं । लेकिन मैं कहूंगा कि कुछ प्रायोरिटी का का ध्यान तो रखा जाए । क्या आप महसूस करते हैं कि बिना आटोमेशन के रेलवेज़ जिन्दा नहीं रह सकती हैं । अगर वे जिन्दा रह सकती हैं अगर उनकी एफिशेंसी बनी रह सकती है तो मैं कहूंगा कि आटोमेशन की अभी आवश्यकता नहीं है । इससे जो बेकारी है वह और ज्यादा बढ़ जाएगी । जो लोग रेलवे में पन्द्रह बीस साल से काम करते आ रहे हैं और जिन का सारा, जीवन जिन की सारी जवानी रेलवे के अन्दर सर्फ हुई है, कल को अगर आपको उनको निकालना पड़ा तो उनकी आत्मा आपको कोसेगी । यह कोई अच्छी पालिसी नहीं है । आटोमेशन के नाम पर इन लोगों को बेकार करने का काम आप न करें ।

अब जो प्रिवलेजिज़ मिलते हैं क्लास तीन के कर्मचारियों को, क्लास चार के कर्मचारियों को और आफिसर्स को उनके बारे में मैं कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं । क्लास चार के जो कर्मचारी हैं वे जब पन्द्रह साल की सर्विस कर चुकते हैं तो एक उन्हें पास मिलता है और हर पांच साल के बाद एक पास मिलता है, यीअरली वह नहीं मिलता है । क्लास तीन के जो कर्मचारी हैं उनको भी पन्द्रह या दस साल की सर्विस के बाद एक पास मिलता है । लेकिन आफिसर्स को हर साल के बाद चार पास मिल जाते हैं । मेरी समझ में नहीं आया है कि यह डिसटिंकशन क्यों किया जाता है । आप सोशलिस्ट समाज का नारा देते हैं । ऐसी स्थिति में उचित यही है कि चाहे क्लास चार का या क्लास तीन का या कोई अफसर हो उन सब को एक ही स्तर पर रखा जाए और जितने पासिस आफिसर्स को मिलते हैं उतने ही उन्हें भी मिलें । पेंशन ले बाद या रिटायरमेंट के बाद उन्हें लाइफ के अन्दर एक ही पास मिलना है सालाना लेकिन बाकी लोगों को उनसे अधिक पास मिलते हैं । इस वास्ते मैं कहूंगा कि जहां तक

[श्री रा० स्व० विद्यार्थी]

पासिस का सम्बन्ध है इन को एक ही कैटेगरी में रखा जाए। जितने आफिसर्स को आप पास देते हैं उतने ही तीन और क्लास चार के कर्मचारियों को भी दें।

रेलवे में जो कर्मचारियों की यूनियनें होती हैं उनके बारे में, उनको मान्यता दिये जाने के बारे में अब मैं कुछ कहना चाहता हूं। हर जगह एक एक या दो दो यूनियनों को आपने मान्यता दे रखी है। जब डा० राम सुभग सिंह जी रेल मंत्री थे तब उन से एक प्रश्न पूछा गया था कि रिकगनिशन के लिए क्या क्या होना आवश्यक है। तब उन्होंने बताया था कि पन्द्रह परसेंट मैम्बरशिप होनी चाहिये, उनको राष्ट्रवादी होना चाहिये, उनको तोड़फोड़ में यकीन नहीं रखने वाला होना चाहिये। इस तरह से छः बातें उन्होंने बताई थीं। यह भी सवाल उन से पूछा गया था कि अगर ये बातें कोई पूरी करे तो उसको आप रिकगनिशन देंगे तब इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि हां, निश्चित रूप से देंगे। लेकिन आप देखें कि मध्य रेलवे कर्मचारी संघ जिस की मैम्बरशिप पचास हजार है उसने रिकग-निशन के लिए एप्लाई किया था और वहां के जनरल मैनेजर ने माना भी था कि यह यूनियन सारी की सारी कंडिशंज़ को पूरा करती है लेकिन फिर भी उसको-रिकगनिशन देने के लिए आप तैयार नहीं हैं। मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि इस तरह के व्यवहार के अच्छे परिणाम नहीं निकल सकते हैं। मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि जब चीन का हमला हमारे देश पर हुआ था तब एक रेलवे यूनियन के दफ्तर से चीन के हक में काफी मैटीरियल मिला था, काफी पोस्टर मिले थे, नारे मिले थे जो लोगों को उन्होंने देने थे और लिट्रेचर मिला था। लेकिन इतना होने पर भी आपने उस यूनियन को हाथ नहीं लगाया, उसकी रिकगनिशन को खत्म नहीं किया। ऐसी यूनियनों को आपको प्रोत्साहन नहीं देना चाहिये। अगर आप ऐसा करते हैं तो यह आपकी भूल है, तब आप गलती करते हैं। आपको ऐसी यूनियनों को अवश्य ही मान्यता प्रदान करनी चाहिये जो देश की रक्षा करना चाहती है, जो देश के हितों को आगे रख कर बढ़ना चाहती है। ऐसी ही यूनियनों को आपको मान्यता देनी चाहिये।

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : जगह का नाम लीजिये, यूनियन का नाम लीजिये।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal) : Mr. Chairman, Sir, I thank you for having given me an opportunity to speak on the Railway Budget. This discussion on the Railway Budget has been going on....

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति, महोदय, मंत्रिमंडल के मंत्री को बुलाइये।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : The Minister of State is here.

श्री हुकम चन्द कछवाय : वह तो राज्य मंत्री हैं। आप मंत्रिमंडल के किसी मंत्री को बुलाइए। यह नियम है; आप उनको बुलाते क्यों नहीं हैं?

MR. CHAIRMAN : The Hon. Member may continue.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Several Hon. Members....

श्री मुहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : पांच बजे बहस खत्म हो जाएगी। अभी हमारी पार्टी का समय बाकी है। हमारी पार्टी के समय का क्या होगा। हमारी पार्टी में से भी तो बुलायें।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Several Hon. Members have made certain suggestions with regard to the improvement of the working of the Railways in this country and I am sure that the Railway Minister will take note of all these things and do the needful.

Railways are one of the biggest public sector undertakings in this country. But there is a difference between this public sector undertaking and the other

public sector undertakings. This is spread throughout the country. Besides, it attracts the attention of millions and millions of the travelling public. In addition, goods are also carried by the railways. So, it is all the more necessary that it should be subjected to close scrutiny by Members here, and I am sure that these discussions would to a great extent help in ventilating the various viewpoints on the important matter.

In this connection, I would like to bring to the notice of the House the fact that unfortunately in this country this department of the Government of India has been made the target of several attacks; in order to ventilate the wrath against the Government of India on a particular issue, the railways have been made the target of attack with the result that national property is lost, and hundreds of lakhs of passengers are being inconvenienced, and besides, the smooth working of the railways is being hampered from every corner. So, I would make an appeal to all Members that they must be able to create a proper impression among the people that whatever be the political differences and whatever be the problems confronting the country, these public sector undertakings should not be made the target of attack. After all, it is our property and it is our duty to preserve this property intact.

Coming to the budget proper, I would suggest that necessary care should be taken with regard to the proper functioning and the improvement of the efficiency of the railways. The Hon. Minister of Railways, while presenting the railway budget has minimised the deficit that has accrued to the railways. As a matter of fact, the Railway Convention Committee has suggested that there should be a regular contribution to the depreciation fund, but it has been reduced to Rs. 25 crores. Further, there has been a borrowing of Rs. 18.5 crores from the general revenues to the development fund for meeting current expenditure. So, to my mind, the real deficit is something like Rs. 65 crores. This jugglery of figures, I feel strongly, will not help in putting a clear picture of the working of the railways. The Railway Administration should be forthright in placing a correct picture before Parliament.

Coming to the working of the railways, in 1950-51 the capital investment was Rs. 834 crores, but the present investment is Rs. 2844 crores. The gross earnings have risen from Rs. 263 crores to Rs. 755 crores. The freight carried in billion tonne-k.m.—was 42 in 1950-51 but now it is 117 billions Passenger traffic has also tremendously increased. From 67 billion passenger-k.m. it has risen to 102 billion passenger-k.m. This huge rise in goods and passenger traffic has cast a heavy responsibility on the railways to manage this system in an efficient manner. This is an exclusive State monopoly. But that should not make the Railway Administration complacent because they are facing keen competition from road transport which is functioning in quite an efficient manner. As other Members have pointed out, this should be taken as a challenge, and the Railway Administration should improve the efficiency of the railways and try to cater to the needs of the lakhs and lakhs of passengers throughout the country.

Freight rates and passenger fares have been increased. Undue strain has been put on long-distance passengers, specially third-class passengers. In this connection, I would only bring to the notice of the Minister that of these passengers, nearly 50 per cent travel in suburban trains; nearly 10—15 per cent of them are short-distance passengers. I will only say that long-distance passengers should not be penalised for the sake of suburban passengers who constitutes nearly 50 per cent of the passenger population. This factor should be borne in mind.

The first-class passengers have not been taxed much. It is the poor third-class passengers and the long-distance passengers who have become the target of this Ministry. Keeping in view our aim of socia l equality, the Minister should find more sources of income from such classes of society as are in a position to bear the rise in the passenger fare.

[Shri P. Venkatasubbaiah]

Another factor is that plan expenditure has not resulted in proportionate increase in revenue-yielding traffic. Plan allotments have been spent on items like multiple tracks, dieselisation, modernisation of signal equipment and communications which do not yield substantial income. Not that I say that these matters should not be looked into, but proper priorities have to be fixed and Plan expenditure made on such projects as will yield a reasonable revenue to the Ministry.

As I said about increase in freight charges, I would have been happy if the Minister had not made this attempt. I speak with a full sense of responsibility. Fortunately for us, we have had a good harvest this year and there is every likelihood of our goods traffic increasing considerably. If he had been satisfied with the present freight rates and had kept the gap unbridged, I am sure it would have been appreciably covered due to the bumper harvest this year.

Then I suggest that the present arrangement by which the railways pay a fixed dividend to general revenues must be reviewed. I had a mind to suggest that the entire Railway Administration should be converted into a statutory autonomous corporation. But I am aware of the limitations of the Railway Ministry. In the absence of that, certain effective measures can be taken. In the light of that, I am suggesting that the present arrangement of a fixed rate of dividend payable to general revenues must be reviewed. This arrangement was based on the assumption that the economic growth would be steady, yielding increasing surpluses to the railways. But these hopes were belied because the Railways were caught between the Planning Commission, which insisted on a rapid expansion to meet imaginary targets and the fiscal policies of Government which have brought about a recession. The railways are caught between the devil and the deep sea. There is a strong case for reducing the dividend in view of the fact that many other big commercial public undertakings are incurring heavy losses which have to be borne by general revenues. So, I commend this suggestion to the consideration of the Minister concerned.

I must bring to the notice of this House the fact that the Estimates Committee had made certain suggestions with regard to the augmentation of the revenues of this Ministry. We have made a suggestion that the commercial staff of the railways should be properly equipped and serve as efficient salesmen and their duties and responsibilities should be defined. This is all the more important in the present context because of the keen competition the railways are facing from road transport.

Settlement of claims is taking undue time, with the result that the customers lose confidence in the railways. Certain powers must be given to the officers on the spot to deal with these matters expeditiously, so that it would create confidence among the clientele.

Another point that should be seriously gone into is the large amount of pilferage that is going on. Certain allegations have been made, I hope they are not true, that the railway staff are hand in glove and are conniving at this. This matter must be gone into and deterrent punishment should be awarded when such instances are brought to the notice of the administration.

About ticketless travel I need not say anything as many Hon. Members have dwelt on this matter.

Coming to unremunerative branch lines, I would only suggest that as per the figures given by the Ministry, nearly Rs. 5½ crores are being spent on them. These cannot be removed overnight because it will create much discontent and local trouble. So, I would only suggest that wherever the Railway Ministry feel the necessity of abolishing unremunerative branch lines, the Chief Ministers of the concerned States, should be consulted, and the railway administration should also come forward with an alternative suggestion to provide certain other amenities by opening new railway lines where there is an urgent necessity in the

same State, so as to counterbalance and offset the loss that is going to be incurred by abolishing these lines.

In this connection I would like to mention about my constituency. There was a survey made, and some suggestions made by the Andhra Government, that a railway line should be laid from Nandial to Nellore *via* Mydukur which runs across a forest area which will not only bring revenue by way of passenger traffic, but also by way of freight on forest produce. I suggest that the railway administration should also think about this matter.

Instead of increasing the platform ticket I suggest that it should be reduced, because the more you increase it, the more the evasion. I have been going to the railway stations very often and I find that many people evade buying the platform ticket. To induce them to buy it I feel that the Railway Minister should make a departure by reducing it, so that more people abide by the law and purchase these platform tickets. About catering, the less said the better. Formerly when we were in Madras, for good food we used to go to the railway restaurant, but it is not so now. It is the other way about. Unfortunately it has deteriorated. I once pleaded in this House that private catering should go and departmental catering should be introduced. I am still of the same opinion provided it is efficient and its service is improved. I feel that the Hon. Minister will give due thought to this.

Normally I do not make any allegations but I am sorry that at times things happen and I have to refer to them. There are certain genuine complaints about the appointments and promotions in the railway administration and things which come to our notice do not bring credit to the Railway Administration. I have personally interfered in a particular case when I was convinced about the genuineness of the case and pat came the reply that nothing could be done to set right the wrong. It concerned the case of a teacher. The poor teacher had to go to the High Court and realising the justness of the case, the High Court passed orders favourable to the teacher. *The Deccan Chronicle* of 4-12-1967 reports the case as follows:

> "The High Court of Andhra Pradesh, allowing the petition of Mr. A. Raghava Sarma, Senior Telugu Teacher of the Railway Boys' Higher Secondary School, Lallaguda, passed orders to issue notice to Mr. D. N. Chopra, General Manager, South Central Railway, to answer the alleged charge of disobeying the injunction order.
>
> The Telugu teacher who was selected and promoted was sanctioned leave for one year and ten months. Having come to know that a primary school teacher was about to be promoted in the said leave vacancy, the Petitioner prayed the High Court and the Court issued an injunction order restraining the General Manager, South Central Railway, from promoting any person who is junior to the petitioner. Nevertheless the Administration passed orders in September 1967 promoting the same primary school teacher......"

His whole case was:

> "That the members of selection committee were not competent to test post graduates, and that none of them had possessed even an elementary knowledge of Telugu literature and yet sat on judgment over the abilities of Post-Graduate Telugu teachers of which the petitioner was one."

I personally intervened in this matter but the Railway Administration said it was all right and that he could go to a court of law. This bureaucratic way of functioning will not help nor does it do credit to the Administration.

SHRI S. M. BANERJEE: Move a motion of reprimand.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: None of the members of the selection committee possessed even an elementary knowledge of Telugu literature and yet they sat in judgment over the post-graduate teachers.

[Shri P. Venkatasubbaiah]

Having explored all the avenues open to them to set right this wrong done to them by the Administration, they are forced to go to a court of law for redressal of their grievances. The moment they go to the court of law, the Administration adopts a vindictive and hostile attitude towards them. This should not be so. I had come across instances where a railway contractor who had done certain contracts and works on the oral orders of officials claimed payment for such works but were denied. They were forced to go to courts of law. The moment he does so, his name is blacklisted; not only is he denied future contracts but even the remotest relatives of his are denied contracts. This attitude will not do. A time has come when the entire Railway Administration requires reorientation and reorganisation so that it can meet the aspirations of the passengers.

16 HRS.

I congratulate the hundreds of thousands of workers who perform their duties against odds and efficiently man this huge undertaking against vicissitudes. At the time of the invasions and also during the natural calamities and so many other things they were able to do this nationalistic, patriotic job, and I congratulate them. I would also say that given the support of all the political leaders there must be at least unanimity on bringing this rationalisation in the entire working of the railways. My hon. friend Shri Banerjee should not find fault and be angry with me when I say that in cases where there has been overstaffing and unproductive labour, it must be rationalised and the staff absorbed in other places. The staff should be commensurate with the efficiency that has to be turned out. I agree with some of our Hon. Members that this hierarchy—the pyramid-like structure of Chief Managers, Deputy Chief, Chief to Chief and so on—must be rationalised.

About the travel concessions, I do not want to say anything because the Estimates Committee has already presented its report and many Members have expressed their opinion. I do not want to say anything further. I wish the Ministers well, the three Ministers. I was just telling them—Shri Poonacha, Shri Parimal Ghosh and Shri Chaturvedi—that one is broad gauge, one is narrow gauge and the other is metre gauge! These three Ministers have to work in co-ordination and I hope that in their hands the railway administration will have a better future and I also hope that by next year, when the Railway Minister comes before this House, he will be able to present a surplus budget.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, the Hon. Member, Shri Venkatasubbaiah, has mentioned about rationalisation. Since he has mentioned my name....

MR. CHAIRMAN: Is it a point of order?

SHRI S. M. BANERJEE: It is a personal explanation. We are not against any rationalisation. But we only feel that if rationalisation is to be effected, it has to be effected from the Central Cabinet to the ordinary man.

श्री रघुबीर सिंह शास्त्री (बागपत) : सभापति जी, मेरे इलाके में एक रेल चलती है, जिसका नाम एस० एस० लाइट रेलवे है, पिछले 60 साल से यह रेलवे उस इलाके में चलती है और सभापति जी, पिछले रेलवे बजट पर इस लोक सभा में पहले-पहल मैंने ही इसकी चर्चा की थी। भारत के तीन बहुत बढ़िया माने जाने वाले ज़िलों–मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के इलाकों में यह रेल चलती है, ये इलाके अपनी बहुत बढ़िया जमीन, अपनी हरी-भरी खेती और अपने लोगों और जानवरों की बहुत बढ़िया नस्लों के लिये जितने विख्यात हैं, उतनी ही कुख्यात कम्पनी की यह गली-सड़ी रेलवे उन की छाती पर रेंगती है। इस के जितने भी इन्जिन और बोगियां हैं, वे ज्यादातर 60 साल पुराने हैं, वे सब पूरी तरह खस्ता हो चुके हैं, टूट-फूट गये हैं। इसी वजह से इन्जिन बीच में रुके रहते हैं, चल नहीं पाते हैं। बोगियां टीन और पत्तियां लगा कर चलाई जा रही हैं, उनके

अन्दर बैठा हुआ यात्री न धूप से बच सकता है, न बरसात से बच सकता है, न सर्दी से बच सकता है और न गर्मी से बच सकता है। इसके ऊपर-क्लास को देखें तो उनके अन्दर न गद्दे हैं, खिड़कियां और छतें टूटी हुई हैं। उन बोगियों को देखकर बाहर का आदमी यही कह सकता है कि ये जानवरों के कटघरे हैं, आदमियों के बैठने के लिये नहीं हैं। इस रेलवे की चाल ......

श्री स० मो० बनर्जी : उसकी हालत ऐसी है, जैसी कांग्रेस की है।

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : इसकी चाल 12-13 मील फी घन्टा है और माल की ढुलाई की दृष्टि से वह बिल्कुल बेकार है। इसी वजह से उस क्षेत्र में आज तक कोई इण्डस्ट्री पनप नहीं पाई। वहां पर यात्रियों की भीड़ की यह हालत है कि उसके अन्दर जितने लोग बैठ कर चलते हैं, उतने ही छत पर और खिड़कियों पर लटक कर चलते हैं।

अपने पिछले भाषण में मैंने रेल मंत्री जी से यह आग्रह किया था कि वह एक बार चल कर कम-से-कम इस श्रीमती जी के हाल चाल को देखें। यहां से 5—6 मील की दूरी पर यह रेल शुरू होती है, लेकिन मेरा दुर्भाग्य है कि मंत्री महोदय बार बार वायदा कर के भी अभी तक अपना समय वहां चलने के लिये नहीं निकाल पाये हैं। मेरठ, मुजफ्फर नगर और सहारनपुर के जितने भी सदस्य इस लोक सभा में हैं, हम सबने मिल कर एक संयुक्त प्रतिवेदन (विज्ञापन) भी रेलवे मंत्री जी को दिया था और उनसे कहा था कि आप इस रेलवे की बुरी हालत को देखकर, इसके दुष्प्रबन्ध और बुरी व्यवस्था को देख कर इसका कुछ न कुछ करिये तथा सरकार इस को अपने हाथ में लेने का यत्न करे, लेकिन मुझे बड़ा खेद है कि हमारे उस संयुक्त विज्ञापन का भी, जिसको 5 संसद सदस्यों ने भेजा था, एक दफ्तरी ढंग का जवाब भेज दिया गया। रेलवे मंत्री ने अपने जवाब में लिखा है कि अगर हम इस रेलवे को लेंगे तो इसे लेने के लिये पिछले तीन सालों का जो उनका एवरेज सालाना मुनाफा है, उस का 25 गुना देना पड़ेगा या सौ फीसदी से लेकर 125 फीसदी तक इसकी लागत पूंजी का मुआवजा देना पड़ेगा। उन्होंने लिखा कि 72 लाख रुपया देना पड़ेगा, लेकिन मैं उन्हें बतलाना चाहता हूं कि जब पिछले आठ सालों से इस रेलवे ने कभी लाभ नहीं दिखाया, यह हमेशा घाटा दिखाती रही है, तो फिर किस मुंह से उस रेलवे के मालिकों को किसी तरह का मुआवजा मांगने का अधिकार है। मैं यह भी कहना चाहता हूं —जैसा मैंने अभी बताया कि उस के इन्जिन 60 साल पुराने हैं, बोगियां टूटी-फूटी हैं, कर्मचारियों के सारे क्वार्टर्स खस्ता हालत में हैं, जितने स्टेशन हैं उनके मकान गिरने वाले हैं, अगर सरकार इसको लेगी तो वह किस चीज का मुआवजा मांगेते हैं। अगर हिसाब-किताब लगाया जाएगा तो ज्यादा से ज्यादा 25 लाख रुपया सरकार को देना पड़ेगा और यह 25 लाख रुपये की रकम इतनी थोड़ी रकम है कि अगर सरकार इसको लगादे, तो इससे कई गुना रिटर्न सरकार को हुआ करेगी— यह घाटे का सौदा नहीं है।

इस कम्पनी के चालाक मालिकों ने इसके हिसाब-किताब की काली तस्वीर सरकार के सामने इसलिये पेश की है कि सरकार कभी भी इस रेलवे को लेने के लिये अपने मन में विचार तक न लाये। बावजूद इसके कि इसमें इतनी अनुचित फिजूलखर्ची है, 50 लाख रुपया सालाना इसकी आमदनी है, अगर इसके प्रबन्ध और व्यवस्था की हालत सुधर जायेगी तो इसकी आमदनी काफ़ी ज्यादा बढ़ सकती है। रेलवे मंत्री महोदय ने यह भी लिखा कि इस रेलवे की यह हालत है कि 1964—65 में इसके द्वारा 2.45 लाख टन माल ढोया गया, जो 1966 में घट कर 2.17 लाख टन रह गया। यात्रियों की संख्या 1964-65 में 39.2 लाख के मुकाबले 1966 में 40·5 लाख हो गई, यानी यात्रियों

[श्री रघुबीर सिंह शास्त्री]

की संख्या में थोड़ी सी वृद्धि हुई । लेकिन माल की ढुलाई में थोड़ी कमी हुई । मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि ये सारे के सारे आंकड़े एक साल के उस रेलवे के मालिकों की चालाकी से दिखाये गये हैं । रेलवे मंत्री जी ने यह भी लिखा है कि इस इलाके में रोड ट्रांस्पोर्ट की सर्विस और सड़क अच्छी होने के कारण इस रेल की तरफ़ और अधिक ट्रैफिक को नहीं मोड़ा जा सकता । लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि सन् 1959 में हमारे यहां सड़क चालू हुई थी, उसी समय मोटर और बस सर्विस चालू हुई थी, लेकिन उसके बाद के आंकड़ों को यदि आप देखें तो आपको मालूम होगा कि कितनी तेजी से वहां पर यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और कितनी तेज़ी से माल की ढुलाई बढ़ रही है — सन् 1958-59 में यात्रियों की संख्या 30 लाख 59 हजार थी, सन् 1967 में यह संख्या 44 लाख 22 हजार हो गई, यानी लगभग डेढ़ गुनी हो गई । इसी तरह से माल की ढुलाई से 1957-58 में 11 लाख 22 हजार रुपये की आय हुई, जबकि 1966-67 में 15 लाख 78 हजार रुपये की आय हुई । यात्रियों के किराये से 1957-58 में 15 लाख 31 हजार रुपये की आय थी, जबकि 1966-67 में लगभग 32 लाख रुपये की यानी दुगुनी आय हुई । सन् 1958-59 में प्रति दिन रेल चलने का टोटल माइलेज 900 मील था, लेकिन आज 1200 मील है । तो वह कैसे कहते हैं कि सड़क बनने से, मोटरों के चलने से माल की ढुलाई में या यात्रियों की संख्या में कोई कमी पड़ गई है, ये तो डेढ़ गुनी या दो गुनी बढ़ी हैं । अगर इसकी सर्विस ठीक हो जाए और हालत सुधर जाय, बोगियां ठीक हो जाएं, इंजिन ठीक हो जाएं तो यात्रियों की संख्या और ज्यादा बढ़ेगी और माल की ढुलाई ज्यादा होने लगेगी । ट्रांशिपमेन्ट की जो असुविधा है, उसके कारण माल की ढुलाई में इस पर व्यापारी लोगों में उत्साह नहीं होता है और कोई भी इस रेलवे से माल ले जाना पसन्द नहीं करता है ।

शाहदरा से सहारनपुर 92 मील चलने में यह रेलवे 7-8 घण्टे लेती है । लेकिन यदि ठीक ढंग से चलाया जाय, इस समय भी इस लाइन की जो क्षमता है, उसके अनुसार पांच घन्टे में यह रेल सहारनपुर पहुंच सकती है । सन् 1960-61-62 में इस लाइन पर ऐसी गाड़ियां चलती रही हैं, जो सवा पांच घन्टे में पहुंचती रही हैं, लेकिन बाद में उनको बन्द कर दिया गया ।

बन्द इसलिए कर दिया क्योंकि वढ़िया कोयला खर्च करना पड़ता था और ये घटिया कोयला लगा रहे हैं । कोयले की खरीद में ये खास तौर से गोलमाल कर रहे हैं । घटिया कोयला खरीदते हैं और ए-क्लास कोयले की खरीद दिखलाते हैं । इसी घटिया कोयले के कारण इसकी चाल की यह बुरी हालत है । जनरल मैनेजर के सम्बन्ध में रेलवे मन्त्री ने जो लेटर भेजा उसके पैरा 6 में लिखा है कि जनरल मैनेजर के आफिस का पिछले तीन वर्षों का जो खर्चा दिखाया गया है वह लगभग डेढ़ लाख रुपया सालाना है । जबकि असलियत यह है कि कम्पनी के हैड आफिस के कुल सालाना खर्च लगभग 12 लाख रुपये का 45 प्रतिशत इस रेलवे से लिया जाता है । सेंट्रल इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल दिल्ली का अवार्ड आई० डी० नं० 180 आफ 1957 गजट आफ इंडिया दिनांक 1 नवम्बर, 1958 के पेज 2133 पर छपा है जिसमें लिखा है कि 4 लाख 47 हजार 195 रुपये इस रेलवे से सालाना जनरल मैनेजर के आफिस के खर्च में दिखाया जाता है ।

रोलिंग स्टाक की यह हालत है कि जब रोलिंग स्टाक के बदलने के लिए पिछले 25 वर्षों में कम्पनी के रेवेन्यु से रिन्यूवल और रिप्लेसमेंट के लिए 80 लाख रुपया लिया गया है लेकिन कोई नई चीज न खरीदी गई और न बदली गई । वही 60 साल पुराने इंजन और बोगियां हैं जो कि कील पत्तियों से जोड़कर चलाए जा रहे हैं । पता नहीं यह सारा रुपया कहां चला गया ?

श्रीमन्, जो सरकारी रेलवे हैं, बड़ी रेलवे, वे विकास और सुधार पर भारी खर्च करती हैं, यात्रियों की सुविधाओं पर अधिक ध्यान देती हैं, अपने कर्मचारियों को समयानुकूल वेतन और भत्ता देती हैं और उसके उपरान्त जनरल रेवेन्यू को भी 6-7 प्रतिशत देती हैं। परन्तु बाबा आदम के जमाने के इंजनों और बोगियों वाली इस श्रीमती के बहरे कानों तक विकास, सुधार या नव-निर्माण के शब्द पहुंच नहीं पाते। यात्रियों की सुविधा और कर्मचारियों की वेतन और भत्ता बढ़ाने की जो मांग है वह उनके कानों तक पहुंचती ही नहीं। कर्मचारियों को बहुत मामूली वेतन देती हैं लेकिन किराया सबसे अधिक वसूल करती हैं। 28 जुलाई, 1967 के मेरे प्रश्न के उत्तर में रेलवे मंत्री स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि जितनी बड़ी-बड़ी लाइनें चल रही हैं उन सभी से अधिक इस में थर्ड क्लास का किराया वसूल किया जाता है। यात्रियों की जितनी क्षमता है उससे चौगुने यात्री यह रोज ले जा रही है और फिर भी झिकती रहती है कि घाटा रह गया। तो यह कम रहस्य की बात नहीं। इस कम्पनी का जनरल मैनेजर, जिसकी रेल लाइनें लगभग 250 मील लम्बी हैं और 3500 के लगभग कर्मचारी हैं, लगभग 6 हजार रुपया महीना पाता है जबकि उत्तर रेलवे का जनरल मैनेजर केवल 2750 रुपया पाता है जिसकी लाइनों की लम्बाई 5 हजार मील है और कर्मचारी ढाई लाख होंगे। अब आप देखें कि क्वालिफिकेशन क्या है? उत्तर रेलवे का जनरल मैनेजर उच्च कोटि की इंजीनियरिंग योग्यता तथा अनुभव रखता है और इसका जनरल मैनेजर केवल बी० एस० सी० पास है, फिर भी 6 हजार तनख्वाह पाता है।

जैसा मैंने पहले कहा कि मैं श्री पुनाचा जी से अनेक बार यह आग्रह कर चुका हूं कि वे स्वयं एक बार चल कर इस श्रीमती जी के फटे हाल को देखें। उन्होंने बार-बार वायदा भी किया, परन्तु दुर्भाग्य हमारा कि उनका महूर्त ही नहीं निकल पाया। उनको समय ही नहीं मिल सका। मैं आज फिर उनसे आग्रह करता हूं कि वे चलें और देखें। मेरा निश्चय है कि जिस समय भी वे चलकर श्रीमती जी के फटे हाल को वहां देखेंगे, वहां के बुरे इन्तजाम को देखेंगे तो जो कुछ भी मैंने कहा है, या जो वहां पर जनता महसूस करती है, या जो वहां पर चलने वाले मुसाफिर महसूस करते हैं, या जो वहां के कर्मचारी महसूस करते हैं वह सब सच पायेंगे। और यदि उन्हें अपनी आंखों से देख कर जंच जाए कि सचमुच में जनहित में इस रेलवे का खरीदा जाना आवश्यक है तो फिर उन्हें इस दिशा में कोई पग अवश्य उठाना चाहिए। कुप्रबन्ध और जनता के कष्टों के देखते हुए भी यह बिल्कुल सीधा और सच्चा केस है जिसमें सरकार को तुरन्त इन्टरफीयर करना चाहिए।

पुनाचा जी को ऐसा सीधा सादा केस दफ्तरशाही के सुपुर्द नहीं करना चाहिए। हमारे जैसे लोगों को दफ्तरशाही का बड़ा कड़ुवा अनुभव है। देश की जनता इस दफ्तरशाह से तंग आ चुकी है, ऊब चुकी है, निराश हो चुकी है। जो कोई काम न करना हो या उसको टालना हो तो उस काम को दफ्तर के अफसरों को दे दो तो फिर निहित स्वार्थ वाले पूंजीपति जैसा चाहेंगे, उसी प्रकार की रिपोर्ट घड़-मड़ कर आ जायेगी। विशेष रूप से उस रेलवे के मालिक तो रेलवे बोर्ड के अफसरों की हरी झण्डी पर ही इस खस्ता छकड़े को हमारी छाती पर घसीटते चले जा रहे हैं। हर साल आपके रेलवे बोर्ड के आफिसर जाते हैं और ऐसे बेकार खस्ता इंजनों और टूटी फूटी बोगियों को चलाने के लिए सेफटी का सार्टिफिकेट दे आते हैं। इससे अधिक भ्रष्टाचार और क्या हो सकता है?

मैं समझता हूं कि शायद यह हमारा कसूर रहा है कि हम सारी बातें शान्ति से कहते हैं, इसी कारण हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता। क्या रेलवे मंत्री या भारत सरकार इस गम्भीर मामले में भी बराबर चुप्पी साध कर हमें यह महसूस कराना चाहते

[श्री रघुबीर सिंह शास्त्री]

हैं कि सीधी सादी और सच्ची बातों का उन पर कोई असर नहीं होता । शान्त नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं होती । क्या धरना, घेराव, अनशन और तोड़-फोड़ की कार्यवाहियां ही जनता की मांगों की ओर ध्यान खींचने का एकमात्र अस्त्र रह गई हैं ? मैं समझता हूं पुनाचा जी जैसे शान्त और गम्भीर प्रकृति के मनुष्य हमारी शान्तिप्रियता और धैर्य की कदर करेंगे और हमारी इन बातों पर ध्यान देंगे ।

जैसा मैंने कहा कि जब-जब हम मिनिस्टर साहब को लिखते हैं कि इस रेलवे में बदइन्तजामी है और जनता को ये कष्ट हैं तो रेलवे मन्त्रालय से घड़ा-घड़ाया उत्तर आ जाता है कि यह इस कम्पनी का घरेलू या अन्दरूनी मामला है , हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते । बड़ी अजीब बात है । मैं 6 मील पर रहता हूं । फिर क्या मैं यह समझूं कि मेरे इलाके पर रेल मन्त्री का कोई स्वामित्व नहीं है । क्या रेलवे मन्त्रालय, भारत सरकार और लोक सभा इस रेलवे की ओर आंख उठाकर भी नहीं देख सकती ? हम भी यह चाहते हैं कि हम यह महसूस कर सकें कि हम आपके इलाके में रहते हैं । कम से कम मन्त्री जी वहां जाकर तो देखें कि क्या हो रहा है ?

यहां पर चतुर्वेदी जी ने कहा कि अनएकोनामिक रेलवेज को बन्द करने की जो बात कही गई है, उनको बन्द नहीं करेंगे लेकिन पिछली दफा यहां पर मैंने 6 पेज का अपना भाषण दिया फिर भी मन्त्री जी ने उस के सम्बन्ध में एक शब्द भी यहां नहीं कहा था कि हां ये शिकायतें हैं । हमने यह भी मांग की कि दूसरी रेलवे की तरह इस रेलवे के लिये भी लोक सभा के सदस्यों की परामर्शदात्री समिति होनी चाहिए तो हमारी यह मांग भी स्वीकार नहीं हो सकी । हमारे मन में कुढ़न और जलन होती है कि जब अन्य सब माननीय सदस्य अपनी अपनी रेलों के सम्बन्ध में कुछ न कुछ कहते हैं और अपने इलाकों के लिए सुविधाओं पर जोर देते हैं तो हम 5-6 सदस्य बैठे बैठे देखा करते हैं । हम उस दिन के लिए तरस रहे हैं कि हमारे इलाके में चलने वाली इस रेल पर भी रेलवे मन्त्रालय, भारत सरकार और संसद का कोई अधिकार बने । उसका बजट भी यहां पास हुआ करे । इस कम्पनी के मालिकों को अब तो 20 वर्ष बाद यह अनुभव होने लगे कि वह अब एक स्वतन्त्र देश में रेल चला रहे हैं और इलाके की जनता को भी यह महसूस होने लगे कि अब कम्पनी का राज्य समाप्त होकर भारत का अपना शासन चलने लगा है ।

इस कम्पनी का ठेका अप्रैल सन् 1969 में समाप्त होगा, अभी एक वर्ष का समय बाकी है । सरकार को इस विषय में अभी अपना मन बना कर इस रेलवे को अपने हाथों में लेने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए । क्या मैं श्री पुनाचा जी से यह आशा करूं कि इस बार तो बजट बहस के उत्तर में दिये जाने वाले अपने भाषण में अपेक्षित आश्वासन हमें दे सकेंगे ? इसी आशा के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

श्री गुलाम मुहम्मद बक्शी (श्रीनगर) : जनाब रेलवे मिनिस्टर, मिस्टर पुनाचा को मैं मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने, गुज़श्ता साल जो मैंने यहां गुज़ारिश की थी, उसकी तरफ तवज्जह दी । गए बीस सालों में रियासत जम्मू और काश्मीर में 9 मील लम्बी रेलवे लाइन बनी लेकिन अब की दफा उन्होंने बजट में कुछ लाख रुपये रखे हैं जिनसे उम्मीद है कि 3 या 4 मील लम्बी लाइन बन सके मेरा अन्दाजा था कि 200 साल में काश्मीर तक रेलवे पहुंचेगी लेकिन पुनाचा साहब की नवाज़िश से अब सिर्फ 75 साल ही लगेंगे ज्यादा नहीं । उन्होंने एक ही साल में सवा सौ साल की कमी कर दी । लेकिन इसके बावजूद भी मैं उन का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने इस तरफ तवज्जह देनी शुरू की मुझे उम्मीद है कि वह हमारी इस दिल्ली ख्वाहिश को और दिली जरूरयात के को पूरी

करेंगे । यह हर सूरत में ज़रूरी है । फ़ौम डिफेंस प्वाएंट औफ़ व्यु जहां तक जम्मू और काश्मीर के बचाव का ताल्लुक है उसके लिहाज़ से यह निहायत ज़रूरी है । एकोनामिक प्वाएंट आफ़ व्यु से भी यह ज़रूरी है क्योंकि सबसे ज्यादा माल ढोने पर कैरेज चार्जेज के तौर पर जो काश्मीर को देना पड़ता है वह मुकाबलतन और किसी प्रान्त के उसे अधिक देना पड़ता है और मैं उम्मीद करता हूं कि उस तरफ खास तवज्जह दी जायगी ।

दूसरी गुजारिश मेरी यह है कि मौजूदा रेलवे लाइन जोकि पठानकोट से गोविन्दसर कठुवा तक ले जाई गई है उस का कोई खास इस्तेमाल नहीं होता है । मैं यह चाहता हूं और मैं यह अर्ज करूंगा कि लाइन भी बनी हुई है, स्टेशन भी बना है सब कुछ बना है इसलिए यह जो अभी काश्मीर मेल और श्रीनगर एक्सप्रैस दी जाय वह बजाय इसके कि पठानकोट से चले वह गोविन्दसर से चले वहां पर हर एक चीज मौजूद है । ऐसा करने से पैसेंजर्स को भी सहूलियत होगी और आपकी जहां तक आमदनी होने का ताल्लुक है उससे आप की आमदनी भी बढ़ेगी । मैं निहायत अदब से अर्ज करूंगा कि इसमें कोई दिक्कत आप को नहीं है, न पैसों की, न ऐडमिनिस्ट्रेशन की और न ही किसी और चीज की । ऐसा करने से रियासत के लोगों पर एक अच्छा साइकोलोजिकल एफैक्ट होगा कि हमारे यहां भी रेल अब आ गई है क्योंकि अभी तो वह महज़ लाइन ही लाइन देख रहे हैं । रेल से अभी तक उतने हिस्से पर वह चलते नहीं हैं ।

तीसरी बात मैंने रेलवे टाइमिंग्स के बारे में अर्ज करनी है । अब हमारे वहां पर टुरिस्ट सीजन शुरू होने वाला है । इस वक्त एक गाड़ी आपकी पठानकोट से 5-50 पर जाती है और दूसरी 11 बजे चलती है । हमारे लिहाज़ से इन दोनों रेलगाड़ियों के टाइमिंग्स ग़लत हैं । मैं निहायत अदब के साथ गुजारिश करूंगा कि श्रीनगर से जो डाइरैक्ट गाड़ी पठानकोट के लिए चलती है वह सात बजे से पहले पहुंचने नहीं पाती है [लिहाजा एक का टाइम बजाय 5-50 के आप 8 बजे करें और दूसरी गाड़ी का टाइम जो बस में आने वाले हैं उनके लिए 9 बजे का करें । यदि आप ऐसा कर देते हैं तो मुसाफिरों को परेशान नहीं होना पड़ेगा । इसके लिए आप को कुछ चेंजेज़ वगैरह तो ज़रूर करने पड़ेंगे लेकिन इससे मुसाफरों को बड़ी राहत मिलेगी । इसलिए ज्यादा बेहतर यह है कि आप 5-50 के बजाय 8 बजे और 11 के बजाय 9 या साढ़े 9 बजे यह ट्रेन चलाया करें जैसे कि पहले वह चलती थी । इस से टूरिस्ट से जहां वहां की जनता को फ़ायदा होगा वहां आप की कुछ आमदनी भी बढ़ेगी ।

चौथी बात जो मैं अर्ज करूंगा वह यह है कि आप एक ही ट्रेन में ऐयरकंडिशंड बोगी लगाते हैं । काश्मीर मेल मे एक बोगी लगाते है मैं गुजारिश करूंगा कि अगर गुंजाइश हो यह डिपेंड करता है आप की गुंजाइश पर अगर मुमकिन हो सके तो आप श्रीनगर एक्सप्रैस में भी कम से कम एक बोगी का इंतजाम करें ।

ऐसा इसलिए ज़रूरी है कि अगर एक गाड़ी मिस हो जाय तो दूसरी गाड़ी की दिक्कत हो जाती है ।

मैं इस मौके पर ज्यादा वक्त नहीं लूंगा और चार साढ़े चार मिनट में ही अपनी बात खत्म कर दूंगा । मेरी अर्ज यह है कि जब यह वक्त कम करना मुमकिन हो सका और 200 साल को 75 साल में रैड्यूस कर दिया गया है जोकि बहुत उम्दा बात है तो चूंकि रेलवे मिनिस्टर श्री पुनाचा इस वक्त यहां पर मौजूद नहीं हैं । इसलिए उनकी तरफ से बैठे हुए मंत्री साहब से मैं गुजारिश करूंगा कि वह इस क्वैश्चन को फिर से कंसिडर करें और जितना यह वक्त कम हो सकता है उतना कम इसको किया जाय । मैं समझता हूं कि आप की मुश्किलें हैं, रुपये की डिफकल्टी है,

सामान की डिफिकल्टी है और वहां का टेरैन भी डिफिकल्ट है मैं चाहता हूं कि उस तरफ भी तवज्जह दी जाय लेकिन वह रेल हमको न दी जाय जिसकी कि चर्चा अभी शास्त्री जी कर रहे थे। अगर वह देनी है तो फिर यहीं से हमारा उसको प्रणाम है।

[شری غلام محمدبخشی : جناب ریلوے منسٹر پناچا کو میں مبارکباد دیتا ہوں کہ انہوں نے گزشتہ سال جو میں نے یہاں گزارش کی تھی اس کی طرف توجہ دی - گئے ۲۰ سالوں میں ریاست جموں اور کشمیر میں ۹ میل لمبی ریلوے لائین بنی - لیکن اب کی دفعہ انہوں نے بجٹ میں کچھ لاکھ روپیہ رکھے ہیں جن سے امید ہے کہ تین یا چار میل لمبی لائن بن سکے - میرا اندازہ تھا کہ دو سو سال میں کشمیر تک ریلوے پہنچے گی - لیکن پناچا صاحب کی نوازش سے اب صرف ۷۵ سال ہی لگینگے - زیادہ نہیں - انہوں نے ایک ہی سال میں سوا سو سال کی کمی کر دی - لیکن اس کے باوجود بھی میں ان کا شکر گذار ہوں گا کہ انہوں نے اس طرف توجہ دینی شروع کی - مجھے امید ہے کہ وہ ہماری اس دلی خواہش کو اور دلی ضروریات کو پوری کرینگے - یہ ہر صورت میں ضروری ہے - فرام ڈیفنس پوائنٹ آف ویو جہاں تک جموں اور کشمیر کے بچاؤ کا تعلق ہے اس کے لحاظ سے یہ نہایت ضروری ہے - ایکونامک پوائنٹ آف ویو سے بھی یہ ضروری ہے - کیونکہ سب سے زیادہ مال ڈھونے پر کیریج چارجیز کے طور پر جو کشمیر کو دینا پڑتا ہے وہ مقابلتاً اور کسی پرانت کے اسے ادھیک دینا پڑتا ہے اور میں امید کرتا ہوں کہ اس طرف خاص توجہہ دی جائیگی -

دوسری گذارش میری یہ ہے کہ موجودہ ریلوے لائن جو کہ پٹھان کوٹ سے گوبند سر کٹھوا تک لے جائی گئی ہے اس کا کوئی خاص استعمال نہیں ہوتا ہے - میں یہ چاہتا ہوں اور میں یہ عرض کرونگا کہ کوئی لائن بھی بنی ہوئی ہے اسٹیشن بھی بنا ہے سب کچھ بنا ہے - اس لئے یہ جو ابھی کشمیر میل اور شری نگر ایکسپریس ، دی جائے وہ بجائے اس کے کہ پٹھان کوٹ سے چلے وہ گوبند سر سے چلے - وہاں پر ہر ایک چیز موجود ہے - ایسا کرنے سے پیسینجرس کو بھی سہولئت ہوگی اور آپ کی جہاں تک آمدنی ہونے کا تعلق ہے اس سے آپ کی آمدنی بھی بڑھیگی - میں نہایت ادب سے عرض کرونگا کہ اس میں کوئی دقت آپ کو نہیں ہے - نہ پیسوں کی نہ ایڈ منسٹریشن کی اور نہ ہی کسی اور چیز کی - ایسا کرنے سے ریاست کے لوگوں پر ایک اچھا سائکالوجکل ایفکٹ ہوگا کہ ہمارے یہاں بھی ریل اب آ گئی ہے ہے کیونکہ ابھی تو وہ محض لائن

ہی لائن دیکھ رہے ہیں - ریل سے ابھی تک اتنے حصے پر وہ چلتے نہیں ہیں -

تیسری بات میں نے ریلوے ٹائمنگس کے بارے میں عرض کرنی ہے - اب ہمارے وہاں پر ٹورسٹ سیزن شروع ہونے والا ہے - اس وقت ایک گاڑی آپ کی پٹھان کوٹ سے ۵—۵۰ پر چلتی ہے اور دوسری گاڑی ۱۱ بجے چلتی ہے- ہمارے لحاظ سے ان دونوں ریل گاڑیوں کے ٹائمنگس غلط ہیں - میں نہایت ادب کے ساتھ گذارش کرونگا کہ شرینگر سے جو ڈائریکٹ گاڑی پٹھان کوٹ کے لئے چلتی ہے وہ ۷ بجے سے پہلے پہنچنے نہیں پاتی ہے لہذا ایک کا ٹائم بجائے ۵—۵۰ کے آپ ۸ بجے کریں اور دوسری گاڑی کا ٹائم جو بس میں آنے والے ہیں ان کے لئے ۹ بجے کا کریں - یدی آپ ایسا کر دیتے ہیں تو مسافروں کو پریشان نہیں ہونا پڑیگا - اس کے لئے آپ کو کچھ چینجیز وغیرہ تو ضرور کرنے پڑینگے لیکن اس سے مسافروں کو بڑی راحت ملیگی - اس لئے زیادہ بہتر یہ ہے کہ آپ ۵—۵۰ کے بجائے ۸ بجے اور ۱۱ کے بجائے ۹ یا ساڑھے ۹ بجے یہ ٹرین چلایا کریں جیسے کہ پہلے وہ چلتی تھیں - اس سے ٹورسٹس سے جہاں وہاں کی جنتا کو فائدہ ہوگا وہاں آپ کی کچھ آمدنی بھی بڑھیگی -

چوتھی بات جو میں عرض کرونگا وہ یہ ہے کہ آپ ایک ہی ٹرین میں ایرکنڈیشنڈ بوگی لگاتے ہیں - کاشمیر میل میں ایک بوگی لگاتے ہیں - میں گذارش کرونگا کہ اگر گنجائش ہو یہ ڈیپنڈ کرتا ہے آپ کی گنجائش پر اگر ممکن ہو سکے تو آپ شرینگر ایکسپریس میں بھی کم از کم ایک بوگی کا انتظام کریں - ایسا اس لئے ہے کہ اگر ایک گاڑی مس ہو جائے تو دوسری گاڑی کی دقت ہو جاتی ہے -

میں اس موقعہ پر زیادہ وقت نہیں لونگا اور چار ساڑھے چار منٹ میں ہی اپنی بات ختم کر دونگا - میری عرض یہ ہے کہ جب یہ وقت کم کرنا ممکن ہو سکا اور ۲۰۰ سال کو ۵۰ سال میں ریڈیوس کر دیا گیا ہے جو کہ بہت عمہدہ بات ہے تو چونکہ ریلوے منسٹر شری پناچا اس وقت یہاں پر موجود نہیں ہیں اس لئے ان کی طرف سے بیٹھے ہوئے منتری صاحب سے میں گذارش کرونگا کہ وہ اس کونشچن کو پھر سے کنسیڈر کریں اور جتنا یہ وقت وقت کم ہو سکتا ہے اتنا کم اس کو کیا جائے - میں سمجھتا ہوں کہ آپ کو مشکلیں ہیں پیسے کی ڈیفکلٹی ہے سامان کی ڈیفکلٹی ہے اور وہاں کا ٹرین بھی ڈیفکلٹ ہے - میں چاہتا ہوں کہ اس طرف بھی توجہ دی جائے

[شری غلام محمد بخشی]

لیکن وہ ریل ہم کو نہ دی جائے جس کی کہ چرچا ابھی شاستری جی کر رہے تھے - اگر وہ دینی ہے تو پھر یہیں سے ہمارا اس کو پرنام ہے -]

श्री ओंकार लाल बोहरा (चित्तौड़गढ़) रेलवे बजट पर बोलते हुए मैं माननीय रेलवे मंत्री महोदय का ध्यान अपने पिछले वर्ष के निवेदन पर दिलाना चाहता हूं ।

राजस्थान दुर्भाग्य से उन राज्यों में है जोकि मध्यप्रदेश के बाद सबसे बडा राज्य होते हुए भी वहां पर प्रति 1000 वर्गमील के पीछे सब से कम रेलवे लाइन की व्यवस्था है । इसके कई कारण हैं । वहां रेगिस्तानी हिस्सा है पहाडी इलाका है और सबसे बडा कारण यह है कि वह देशी रजवाड़ों का हिस्सा था जब तक देशी रजवाड़े आजादी के बाद संयुक्त नहीं हुए तब तक वहां कोई जनता की आवाज नहीं थी जनता के सुख सुविधाओं की चर्चा तक नहीं थी लेकिन आजादी के बाद यह विश्वास हो चला कि हमारा रेलवे बोर्ड रेलवे मंत्रालय और भारत सरकार इस ओर ध्यान दे रही है । आजादी की प्राप्ति के बाद यह अहसास उन रेगिस्तानी इलाकों के रहने वालों को लगा कि वह भी आजाद हैं और यह कि उनकी ओर तवज्जह दी जा रही है ।

लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारा रेलवे मंत्रालय रेलवेज तक को एक व्यापारिक प्रतिष्ठान के रूप में देखता है । मेरा निवेदन यह है कि रेलवेज हमारा राष्ट्रीय व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं है बल्कि वह हमारा राष्ट्रीय सेवा संस्थान है ।

जब भी हम यहां पर रेलवे लाइन के लिए बात करते हैं तो उसे न मानने का उनका आधार यह होता है तर्क यह होता है कि यह रेल अलाभकारी है, यह रेल उपयोगी नहीं है या इस रेलवे से हमें कोई लाभ नहीं है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे रेलवे मंत्री श्री पुनाचा और रेलवे बोर्ड इस बात को पहले बुनियादी तौर पर स्पष्ट करें और यह स्वीकार करें कि रेलवे हमारा व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं है बल्कि रेलवे हमारा सार्वजनिक राष्ट्री सेवा संस्थान है । इसलिए कोई भी चीज़ मांगी जाय या कोई भी सुविधा जब चाही जाती है तो उसका उत्तर यह नहीं दिया जाना चाहिए कि यह अलाभकर है या यह ठीक नहीं है । यह कोई ऐसा व्यापार नहीं है जिसमें घाटे और मुनाफे की चर्चा करनी होती है । यह दरअसल में जनता की सेवा है । जनता के आवागमन सम्बन्धी सुख, सुविधाओं के लिए यह रेलवेज भारत सरकार के अधीन चल रही है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमें केवल कुछ व्यक्तियों के सुख सुविधाओं की चिन्ता न करके रेलवेज का दृष्टिकोण आम लोगों को सुख, सुविधाएं पहुंचाने का होना चाहिए । यह जो हम कुछ डिब्बों को एयर-कंडिशंड बनाते हैं या कुछ इलाकों के अन्दर तेज़ रफ्तार की गाड़ियां चलाते हैं या कुछ जगहों पर हम और सुविधाएं प्रदान करते हैं तो यह जो हमारा एक दृष्टिकोण है कि हम कुछ जगहों पर और कुछ लोगों को सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन लाखों, करोड़ों लोगों को जिनके कि यहां अभी तक रेल की सुविधा भी नहीं पहुंची है उनकी तरफ हम उपेक्षा और उदासीनता बरतते चले जा रहे हैं वह एक उचित और सही दृष्टिकोण नहीं है । इसलिये मैं खास तौर पर अपने पुनाचा साहब स निवेदन करना चाहूंगा कि आप ऐयर कंडिशंड कोचेज़ लगाना बंद कीजिये, तेज़ रफ्तार की गाड़ियां भले ही चलाना बन्द कर दीजिये लेकिन उन लोगों को रेल की सुविधा अवश्य दीजिये जिनके कि यहां लोगों ने हजारों वर्षों से रेल के दर्शन ही नहीं किये हैं ।

खास तौर से मैं इस सम्बन्ध में आप का ध्यान राजस्थान के ऐसे इलाके की तरफ खींचना चाहता हूं । सन् 1948 के अन्दर रेलवे बोर्ड ने चित्तौडगढ़ कोटा रेलवे लाइन

[श्री ओंकारनाथ बोहरा]

की स्वीकृति दी थी । रेलवे बोर्ड ने केवल स्वीकृति ही नहीं दी थी अपितु अपना सामान भी भेज दिया था । उसके बाद भारत सरकार के रेलवे मंत्री श्री जगजीवन राम, स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री और डा० राम सुभग सिंह भी वहीं पर गये और उस रेलवे लाइन की स्थापना के बारे में भी घोषणा की तो भी दुर्भाग्यवश वह लाइन नहीं बन पाई है जब इस के पहले डा० राम सुभग सिंह रेलवे मंत्री होते थे तो उन्होंने भी बूंदी में कोटा और चित्तौड़गढ़ में उस इलाके में रेलवे लाइन चलाने के बारे में सभी लोगों के बीच में इस बात की घोषणा कर दी थी कि चित्तौड़-गढ़ और कोटा रेलवे को शीघ्र ही चालू किया जायेगा लेकिन वह अभी तक नहीं हो पाई है ।

जैसा कि अभी शास्त्री जी ने कहा था मुझे एक ऐसा उत्तर मिला कि यह रेलवे लाइन अनुपयोगी है, अलाभकर है तो मैं घोष साहब से यह निवेदन करूंगा कि वह जाकर इस चित्तौड़गढ़ और कोटा लाइन वाले क्षेत्र को देखें । इन पिछले 15 वर्षों के अन्दर यह इलाका औद्योगिक दृष्टि से बहुत आगे बढ़ चुका है । आज कोटा राजस्थान का सबसे बड़ा औद्योगिक सेंटर बन गया है । चित्तौड़गढ़ और कोटा के बीच में कच्चे माल की पैदावार भी बहुत बढ़ती जा रही है ऐसी स्थिति में पूरी-पूरी जानकारी लिये बिना, सर्वे किये बिना यह कहना कि वह लाइन अलाभकर सिद्ध होगी मैं समझता हूं कि यह हमारे अज्ञान का सूचक है । मेरा निवेदन है कि केवल नीचे के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर ही हमें स्टीरोटाइप उत्तर नहीं मिलना चाहिये क्योंकि हम अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं । हम उस क्षेत्र में घूमते हैं और इस कारण अपने निर्वाचन क्षेत्र की विविध समस्याओं को भली भांति जानते हैं इसलिए यह जो एक नौकरशाही का पुराना रवैय्या चला आ रहा है वैसा टेकनिकल उत्तर देकर हमें संतुष्ट करने की मंत्री महोदय कृपा न करें ।

जैसा कि मैंने पहले कहा था रेलवे हमारा व्यापारिक संस्थान नहीं है बल्कि वह हमारा सेवा संस्थान है इसलिए कोई भी बात जब हम रेलवेज़ के बारे में सोचें तो हम पहले जनता के हित को अपने दिमाग में रख कर सोचें कि इससे साधारण आदमियों को कहां तक लाभ पहुंचेगा । इस दृष्टि को रख कर नहीं सोचना चाहिए कि उससे हमारे अधिकारी लोग नाराज़ हो जायेंगे या यह कि वैसा करने से हमारे बजट का खर्च बढ़ जायगा । यह ठीक है कि रेलवेज़ के अन्दर लाखों कर्मचारी काम कर रहे हैं, लाखों करोड़ों का उसका खर्चा है और सरकार को उन लाखों कर्मचारियों के सुख, सुविधाओं की चिन्ता करनी चाहिये लेकिन हमारे करोड़ों देश के जो आम व्यक्ति हैं उनकी चिन्ता और उन्हें राहत पहुंचाने की चिन्ता सरकार को पहले करनी चाहिए । आज हमारे थर्ड क्लास के अन्दर सफर करने वाले यात्रियों की क्या हालत है ? इसे तृतीय श्रेणी के डिब्बों के अन्दर पशुओं से भी बुरी तरह से मनुष्यों को भरा जाता है । आज उन में इतनी भीड़ रहती है, और लोगों को इतनी परेशानी रहती है जिस का ठिकाना नहीं है । उन की सुख सुविधाओं को बढ़ाने के लिये पिछले बीस वर्षों में कोई सन्तोषजनक काम नहीं हुआ है, उन को कोई विशेष लाभ पहुंचाने की चेष्टा नहीं की गई है । आपने संसद् सदस्यों को प्रथम श्रेणी का पास क्यों न दिया हो, लेकिन जब तक तृतीय श्रेणी के लोगों को सुविधायें नहीं देंगे, तृतीय श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं को नहीं बढ़ायेंगे, तब तक रेलवे जनता की कोई बहुत बड़ी सेवा नहीं कर पायेगी ।

मैं श्री पुनाचा की रेलवे को इस बात के लिय धन्यवाद दूंगा कि जब पाकिस्तान का हिन्दुस्तान पर आक्रमण हुआ तब उसने एक डिसीजन लिया था कि सीमा क्षेत्र में एक रेलवे का निर्माण किया जायेगा मैं उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने बड़ी तत्परता से जैसलमेर से पोकरण तक की सीमावर्ती रेल

[श्री ओंकारलाल बोहरा]

निकाल कर बहुत बड़ा काम किया है। चाहे वह डिफेन्स प्वाइंट आफ व्यू से हो या किसी और कारण से हो।

चित्तौड़गढ़ और कोटा की रेलवे लाइन के बारे में मुझे यह कहना है कि सन् 1948 में उसको रेलवे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया था। उसके बाद श्री लाल बहादुर शास्त्री और वर्तमान रेलवे मंत्री के पहिले के रेल मंत्री श्री जगजीवन राम ने भी बार-बार इसकी चर्चा की थी। मैं जानता हूं कि आज सरकार के सामने आर्थिक कठिनाइयां हैं, लेकिन फिर भी उससे हमको यह उत्तर नहीं मिलना चाहिये कि यह लाइन अलाभकारी है क्योंकि आप इसका अच्छी तरह से सर्वे करा चुके हैं। अगर आप और कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम इस बजट में उस की पुनः सर्वे कराइये और इसके प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखिये क्योंकि जब तक हम उस क्षेत्र के रहने वालों के लिये कोई सन्तोषजनक योजना नहीं बनायेंगे, जब तक उन लोगों के बारे में नहीं सोचेंगे, तब तक मैं नहीं समझता कि रेलवे मंत्रालय या रेलवे बोर्ड उनकी कोई बहुत बड़ी सेवा कर पायेगा।

मैं संक्षेप में कहना चाहता हूं कि राजस्थान में केवल एक छोटा सा हिस्सा है दिल्ली से कोटा तक जो कि ब्राडगेज है। आप पिछड़ा राज्य होने के नाते इसकी तरफ विशेष ध्यान रखिये। कोटा के अलावा जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, अजमेर आदि आज ब्राडगेज पर नहीं हैं। उनको ब्राडगेज की सुविधायें दी जायें ताकि माल के आवागमन में भी सुविधा हो जाये।

अभी अहमदाबाद से दिल्ली तक ट्रेन जाती है, लेकिन अगर एक आदमी खेरवाड़ा से चले, जो कि एक आदिवासी क्षेत्र है, तो उसको उदयपुर में गाड़ी बदलनी पड़ती है, फिर चित्तौगढ़ में गाड़ी बदलनी पड़ती है उसके बाद अजमेर में बदलनी पड़ती है। आज जो गाड़ी अहमदाबाद से चलती है वह उदयपुर में रुक जाती है फिर उदयपुर से चल कर चित्तौड़गढ़ में रुक जाती है, उसके बाद अजमेर में रुक जाती है। इसलिये ट्रेन को आप अहमदाबाद से दिल्ली तक सीधी चला दें तो वहां के आदिवासी क्षेत्र को बड़ा लाभ होगा।

अन्त में मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि आप चित्तौड़गढ़ से कोटा तक की लाइन अगर बनायें नहीं इस बजट वर्ष में, तो कम से कम उसका सर्वे दुबारा करवा लें। मैं आशा ही नहीं करता हूं, मेरा पक्का विश्वास है कि आज से पूर्व रेलवे मंत्री की हैसियत से डा० राम सुभग सिंह ने, स्वर्गीय नेता श्री लाल बहादुर शास्त्री ने जो आश्वासन किसानों से किये थे, उन को पूरा किया जायगा ताकि वहां के मतदाताओं को सन्तोष हो सके। अगर वर्तमान, रेलवे मंत्री पूर्व घोषणाओं को पूरा करने की परम्परा का पालन करते हैं, तो वह कम-से-कम इस रेलवे लाइन के लिये कुछ रुपया जरूर निर्धारित करें तथा उसका सर्वे करायें और यह आश्वासन दें कि कि इस रेलवे लाइन को जरूर हाथ में लिया जायेगा।

MR. CHAIRMAN : Now, Shri Saminathan. His party has only 2 minutes left.

SHRI SAMINATHAN (Gobichettipalayam) : *At the outset I am much thankful to the Chairman for having allowed me to take part in the Railway Budget discussion on behalf of D.M.K. Party.

The Hon'ble Minister is looking nice and sweet but his budget has severely affected the poor and middle class people. The Railway Minister has shown a deficit of 27 crores of rupees and to meet this deficit he has raised the fare of the Railway tickets including the platform ticket. This will really affect the lower class much. Anyway he has shown a surplus of 1 crore of rupees. Thereby he is incurring the displeasure of the people and no one will be proud of the budget.

*The original speech was delivered in Tamil.

The Hon'ble Minister knows that the Tamil Nad is now ruled by the D.M.K. having Avignar Anna as the Chief Minister. The Transport Minister of Tamil Nad, Mr. Karunanithi has nationalised the bus route running beyond 75 miles. Besides he has proved the running of buses profitable even after the reduction of bus fare to a considerable level. I also wish to inform the Hon'ble Minister that the bus fare in Tamil Nad is less than the Railway fare. This has been stated by the former speakers of the D.M.K. Party.

The Hon'ble Minister has stated that he is going to dismantle uneconomic routes in Tamil Nad. This is highly condemnable. My friend Mr. Maran challenged the Railway as to whether he is prepared to lay down the papers in the House, showing the uneconomic routes throughout the Indian Union.

I request the Hon'ble Minister to give up the idea of dismantling the Ooty Railway line. What Taj, Kashmir, Simla etc. are to North is Ooty in South. Here I want to make a mention that the Central Government get crores and crores of rupees by way of central tax because of the tea and coffee plantations in Nilgiri District.

As Taj Express in Delhi, Ooty Express is also appreciable. This will increase the National income. More foreigners are used to visit the place.

I also condemn the imposition of Hindi in Railways. For example, in Engineering Colleges, the students are directed to pass the Pravin Examination. This is condemnable.

The Minister should see that the erased Hindi letters in Tamil Nad Railway station should not again be rewritten. If the Minister does not heed to this, there will be another agitation.

I also condemn the Minister for having changed the name of Kallakkudi to Dalmiapuram. There was no agitation for the change of name, Mr. Karunanidhi, the Minister for Transport had even gone to the extent of risking his life in the Railway tract. This happened in 1953.

There was also firing as a result of which two innocent people died. The people of Tamil Nad would have accepted to have the name of Kamaraj or Rajaji Nagar instead of Dalmiapuram which is named by a capitalist.

I once again request the Hon'ble Minister to change the name of Dalmiapuram to Kallakkudi. The State Government has also sent a letter as to this.

I thank you for the time given to me.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Mohammad Ismail. He can have only 8 minutes.

I think the Hon. Member who spoke previously in Tamil should teach me at least the interpretation of the English words 'Please conclude' in Tamil.

श्री मुहम्मद इस्माइल (बैरकपुर): सभापति महोदय, इस आखिरी वक्त में आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। चूंकि समय कम है इस वास्ते मैं मुख्तसिर में अपनी बात को कह दूंगा। चूंकि रेलवे एक बहुत ही इम्पार्टेंट सैक्टर है यह जनता की भलाई के लिए चलाई जा रही है इस वास्ते इसमें जन साधारण का, इस में अव्वाम का सहयोग लेना बहुत आवश्यक है। मंत्री महोदय ने भी जनता का सहयोग और समर्थन इसके लिए मांगा है। यह कुदरती बात है। लेकिन मुझे इसके बारे में कहना यह है कि जिस तरह से रेलवे आर्गनाइजेशन इस वक्त चल रहा है, क्या उसको देखते हुए आपको सहयोग और समर्थन जन साधारण का मिल सकता है? यह डिपार्टमेंट किस तरह से चल रहा है। ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के चले जाने के बाद आज भी उनकी यह निशानी यहां मौजूद है, जिस तरह से उनके ज़माने में काम होता था इस रेलवे डिपार्टमेंट में उसी तरह या उससे भी खराब

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

ढंग से अब काम होता है। रेलवे बोर्ड की जो पुराने जमाने में आदत थी, अंग्रेजों के ज़माने में आदत थी, वही आदत आज भी चली आ रही है। उसको जनता की सहानुभूति प्राप्त करने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती है। उसका काम करने का ढंग ऐसा है कि जनता की सुनो मत, उसकी तरफ देखो मत, और अपना काम किये जाओ। अपना बजट देखो, अपना हिसाब किताब देखो, और अपने तरीके से चले जाओ। जनता जो चाहती है उसको मत सुनो और अपने तौर से चलते जाओ। आजादी के बाद भी यही मनोवृत्ति कायम है।

जो बजट पेश किया गया है इसके बारे में अगर जनता से पूछा जाए तो आप सच मानिये कि उसकी समझ में वह नहीं आ सकेगा और वह इससे सन्तुष्ट नहीं है। आप आज आम जनता की हालत को देखें, उसकी अवस्था को देखें और देखें कि क्या उसका कोओप्रेशन इन हालात में आपको प्राप्त हो सकता है, क्या जनता की सहानुभूति प्राप्त हो सकती है। और आप यह भी देखें कि रेलवे बजट यहां पेश तो होता है लेकिन रेलवे के खर्च का जो आडिट होता है, उस आडिट की रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की जाती है। आडिट रिपोर्ट को तो कम से कम सदन में पेश किया जाए, मैम्बर्ज को उसको दिखाया जाए ताकि उनको मालूम हो कि किस तरह से आप रुपया खर्च कर रहे हैं। आज तक यह आपके लिए सम्भव नहीं हो सका है। जब तक यह नहीं होता है अव्वाम की सहानुभूति आपको प्राप्त नहीं हो सकती है, अव्वाम का कोओप्रेशन आपको प्राप्त नहीं हो सकता है।

जहां तक रेलवे वर्कर्स का सम्बन्ध है, जहां तक एम्प्लायीज का सम्बन्ध है, सभी एम्प्लायीज को आपने डिमारेलाइज करके रख दिया है। आपको चाहिये था कि आप उनके अन्दर उत्साह पैदा करते लेकिन आपने उनको डिमारेलाइज कर दिया है। आज उनके अन्दर उत्साह नहीं है। वे समझते हैं कि वे डेढ़ सौ या दो सौ या तीन सौ तक जायेंगे और वहीं तक जा कर उनकी कब्र बनेगी। उनका कोई भविष्य नहीं है। उनके लिए प्रोमोशन के कोई ऐवेन्यूज़ नहीं हैं। कोई इनिशिएटिव एफिशेंसी दिखाने का आपने उनके लिए नहीं छोड़ा है। अगर वे एफिशेंसी दिखलायें भी तो भी उनके लिए प्रोमोशन का कोई एवेन्यू नहीं है। ब्रिटिश काल में यह होता था कि एक जो क्लर्क होता था या कोई दूसरा होता था उसको प्रोमोशन पर दूसरे डिपार्टमेंट में जाने का अवसर रहता था, हायर पोस्ट पर उसको ले लिया जाता था लेकिन आजादी के बाद, स्वाधीनता मिलने के बाद इस तरह की तमाम चीज़ों को खत्म का दिया गया है। आज डायरेक्ट रिक्रूटमेंट आफिसर्स का होता है, बराहेरास्त सीधे अफसरों को ले लिया जाता है और उनको एक दो बरस में और प्रोमोशन दे दी जाती है लेकिन जो नीचे के आदमी होते हैं, उनको कोई चांस प्रोमोशन का नहीं दिया जाता है। उनको यही कहा जाता है कि तुम जनता का विश्वास प्राप्त करो, जनता की सुविधा के लिए गाड़ी चलाओ। यही हाल ट्रेफिक डिपार्टमेंट में है, यही लोको डिपार्टमेंट में है, यही हाल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट वालों का है। उनका भविष्य अन्धकारमय है। वे सोच भी नहीं सकते हैं कि अगर वे एफिशेंसी दिखायें भी तो वे बड़े से बड़े अफसर बन सकते हैं। यह जो जनरल पालिसी रेलवे बोर्ड की है इसको बदला जाना चाहिये। मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब इसकी तरफ खास ध्यान दें।

मैं दो तीन मिसालें देना चाहता हूं। हमारे जो मिनिस्टर आफ स्टेट हैं वह बड़े आदमी हैं और हमारे प्रान्त के हैं। जहां से वह आते हैं वहां मेरी यूनियन भी है और मैं उस यूनियन का प्रेजीडेंट हूं। उनको मैं अच्छी तरह से जानता हूं। वह बेचारे सीधे सादे हैं और बड़ा उत्साह ले कर आए थे कि जरूर वह जनता की भलाई के काम करेंगे, जनता

की सेवा करेंगे । कई चीजें थीं जिन के बारे में इन्होंने कहा था कि ये बड़े जोरों से उनके बारे में लड़ेंगे । मैं उदाहरण देता हूं । पानी-हाटी के करीब थोड़ी-सी जमीन पड़ी हुई है । वहां पर म्यूनिसिपैलिटी ने कहा कि यहां पर अगर मार्किट बन जाए तो हज़ारों आदमी जो रिफ्यूजी हैं उनको जगह दी जा सकती है, उनको बसाया जा सकता है, इसके बारे में उस ने भी और और लोगों ने भी दरख्वास्तें दी, पैटीशन दीं । जवाब दे दिया गया कि जमीन को इसलिए रखा गया है कि यह इम्प्रूवमेंट करने के लिए काम में आएगी । लेकिन अभी तक भी यह इसी तरह से पड़ी हुई है और किसी काम में नहीं लाई गई है । उस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है ।

मैं एक और मिसाल देना चाहता हूं । एमरजेंसी के वक्त में साठ के करीब इंजीनियर भरती किए गए थे । चार साल उन्होंने काम किया । उसके बाद उनका केस सर्विस कमिशन के पास कनफर्मेशन के लिए भेजा गया । जब उनको कनफर्म किया गया तो उनकी चार साल की नौकरी को काउंट ही नहीं किया गया । इसी तरह ड्राफ्टसमैन भरती किए गए थे । पांच साल उन से काम करवाया गया । जब उनके केस को कनफर्मेशन के लिए सर्विस कमिशन के पास भेजा गया तो उनकी पांच साल की सर्विस को काउंट ही नहीं किया गया । हर डिपार्टमेंट में ऐसे किया जाता है । इन मामलों में चाहे मंत्री महोदय समझते हों कि ज्यादती है लेकिन रेलवे बोर्ड के सामने वे कुछ नहीं कर सकते हैं ।

16.40 hrs.

[MR DEPUTY SPEAKER *in the chair.*]

रेलवे बोर्ड में सब धुरन्धर बैठे हुए हैं । वहां पर एक गंगोली साहब, स्टाफ मेम्बर हैं । वहां पर मिनिस्टर साहब को समझा दिया जाता है कि आप नए हैं हमारा पच्चीस साल का तजुर्बा है । आप ऐसा नहीं, ऐसा करो । मैम्बर जब कह देता है तो जो जो मामला बना हुआ भी होता है, वह भी उलट जाता है, जो निर्णय मिनिस्टर ने ले लिया होता है, उसको भी बदल दिया जाता है ।

रेलवे बोर्ड ने अपना साम्राज्य कायम कर रखा है । मंत्री बादशाह है और उनका वजीर है रेलवे बोर्ड । बादशाह जब कहता है कि यह करो तो उनको वजीर समझा देते हैं कि यह नहीं, इसको इस तरह से करो और राजा मान जाता है ? जनता जो कहे उसको मत मानो, हम जो कहें, उसको मानो । एक नई रेलवे लाइन के बारे में बरसों से जनता कहती आ रही है, जनता की आवाज उठती आ रही है लेकिन आज तक उसके बारे में कुछ ध्यान नहीं दिया गया है । बालूघाट से हीली तक रेलवे के बारे में कहते आ रहे हैं जोकि वैस्ट दीनाजपुर में है लेकिन इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है । यह बोर्डर के करीब है । जनता इसके बारे में चिल्लाती आ रही है लेकिन कोई ध्यान दिया नहीं गया है । क्या इसी तरह से आप जनता की सहानुभूति प्राप्त करना चाहते हैं ? एफिशेंसी दिखा कर वर्कर को प्रोमोशन नहीं मिलता है, उसको कोई मौका ही नहीं कि वह आगे बढ़ सके तो क्यों वह एफिशेंसी दिखायेगा ? सब को आपने डिमा-रेलाइज करके रख दिया है । नीचे से लेकर ऊपर तक सब अफसर घंटी बजाते रहते हैं और दूसरों से काम निकलवाते रहते हैं । जो काबिल आदमी है उसकी काबलियत को कभी स्वीकार नहीं किया जाता है । अगर आप रेलवे में काम कर रहे वर्कर से पूछेंगे तो वह यही आपको कहेगा कि उसका भविष्य कुछ नहीं । इसका नतीजा यह होता है कि वह काम भी करना नहीं चाहता है । अगर सामान पड़ा हुआ है और वह चोरी हो जाता है तो वह कोई परवाह ही नहीं करता है । वह समझता है कि चोरी होता है तो होने दो ।

स्टोरों का जहां तक सम्बन्ध है करोड़ों रुपये का माल वहां जमा रहता है । कोई परवाह नहीं की जाती है, कोई चैकिंग नहीं की जाती है । जब वह पुराना हो जाता है तो दस हजार के माल को दो सौ में बेच दिया

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

जाता है, आकशन कर दिया जाता है, डिस-पोजल में दे दिया जाता है है। चैकिंग का कोई प्रबन्ध नहीं है। फिजिकल वेरीफिकेशन कोई करता ही नहीं है। रेलवे बोर्ड क्या इसको करेगा? वह कैसे कर सकता है, उसके पास इतना समय कहाँ है? जनता के प्रतिनिधि करेंगे? वे कर सकते हैं लेकिन उनको ऐसा करने का अधिकार ही नहीं है। इस वास्ते हम को भी चुप हो कर बैठ जाना पड़ता है। जब कभी सवाल किया जाता है इस स्टोर के मामले के बारे में तो कह दिया जाता है कि इनक्वायरी हो रही है और रिपोर्ट को सभा पटल पर रख दिया जाएगा। लेकिन रिपोर्ट को कभी सभा पटल पर रखा ही नहीं जाता है। इन सब चीजों को देखकर मनुष्य का जो उत्साह होता है वह मारा जाता है। इन सब चीजों को मंत्री महोदय को देखना पड़ेगा।

अब मैं आटोमेशन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। जो हिसाब रेलवे बोर्ड को जाता है वह तमाम हिन्दुस्तान की जो रेलवे है उसका जाता है। कम्प्यूटर आपने लगा दिये हैं, आटोमेशन को आपने इंट्रोड्यूस कर दिया है और वही सारा हिसाब किताब करते हैं। जितना हिसाब किताब है उसको सिवाय मैम्बर के और कोई नहीं जानता है। उसके आधार पर ही बजट बनता है। जहां कम्प्यूटर है अब वहां क्लर्क नहीं है। कम्प्यूटर से काम लेंगे तो गलतियां भी हो सकती हैं। अब गलतियों के लिए कौन जिम्मेवार होगा? अगर क्लर्क कहता था तो उससे गलती के बारे में पूछा भी जा सकता था कि तुमने गलती कैसे की है। अब कोई चैक नहीं है, चैकिंग का कोई बन्दो-बस्त नहीं है।

आपने एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट (ए० आर० पी० एफ०) रखा है। लोगों का आम तौर से कहना यह है कि यह कुरप्शन का राजा है, यह चोर पैदा करने वाला डिपार्टमेंट है। चोरी करने वाले आर्गेनाइज्ड गैंग होते हैं। ये गैंग गाड़ी को खड़ी कर लेते हैं और प्रोटैक्शन फोर्स वालों के सामने रहते हुए भी माल को ले जाते हैं। सब इसको जानते हैं। मेरे प्रोविंस में इस तरह की घटनाएं बेलघोरिया, नार-कुनडागा आदि में होती रहती हैं। जब इनके बारे में ध्यान दिलाया जाता है तो कह दिया जाता है कि यह अलग डिपार्टमेंट है, इंडिपेंडेंट डिपार्टमेंट है। आपके डिपार्टमेंट से इसका कोई ताल्लुक नहीं है। यह एक इंडिपेंडेंट फोर्स है और यह चोरों का राजा बन गया है। यह जो ए आर पी है इसकी इनक्वायरी होनी चाहिये। चैकिंग का प्रबन्ध ठीक से होना चाहिए।

जहां तक सी० सी० एस० के अन्दर ए ग्रेड का सम्बन्ध 80 से 180 का जो ग्रेड था उसको तीन सौ तक ले जाने का फैसला हो गया था। लेकिन उसके बावजूद भी सब को 180 पर रोक दिया गया है और ऊपर का जो काम है वह इन क्लर्कों पर लाद दिया गया है और यह कह दिया गया है कि मामला खत्म हो गया है। तीन सौ तक ग्रेड को ले जाने का सवाल खत्म हो गया है। यह उन लोगों के साथ बेइंसाफी चल रही है। कहां से वे न्याय प्राप्त कर सकते हैं, कहां से फैसला इसके बारे में करवा सकते हैं, कुछ पता नहीं चलता है।

हम पार्लियामेंट के मेम्बरों को यह अधिकार नहीं है कि हम किसी अफ़सर के पास जा कर उस से कुछ पूछें। अगर किसी अफ़सर से मिलने की कोशिश की जाये, तो उस का पी० ए० कहता है कि वह कहीं गया है, उस के पास टाइम नहीं है, बहुत बिज़ी हैं वगैरह। एक दिन मैं रेलवे बोर्ड के मेम्बर, स्टाफ के पास गया और ड्राफ्ट्समैन की समस्या के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि मैं तो मशीन हूं जो ऊपर से आयेगा, मैं उस पर दस्तखत कर दूंगा।

इसी तरह कुछ दिन पहले पार्लियामेंट के एक मेम्बर ने चार पांच आदमियों को चिट्ठी दे कर भेजा, जिन में यूनियन का सेक्रेटरी भी था, ताकि वे रेलवे बोर्ड के मेम्बर, स्टाफ से बात करें। लेकिन उस ने उन लोगों को

अपने घर से बाहर निकाल दिया और उस चिट्ठी को फेंक दिया।

श्री दी० चं० शर्मा : उस अफसर का नाम बताइये।

श्री मुहम्मद इस्माइल : आनरेबल मेम्बर मेरे पास आयें, मैं उन को सब कुछ बता दूंगा।

आज जनता की यह मांग है कि देश की जो सम्पत्ति है, उस की पूरी तरह से चेकिंग और देख-भाल की जाये। इस लिए एक एन्क्वायरी कमेटी बनाई जानी चाहिए, जिसमें पालियामेंट के मेम्बर हों। वह कमेटी रेलवे की सारी सम्पत्ति, स्टोर्ज और स्टाफ के साथ होने वाली बेइन्साफियों की जांच करे। आज हमारी जनता की यह हालत है कि वह सोचती है कि अगर किसी नई लाइन के लिए दरख्वास्त दी जाये, तो कोई उस को नहीं सुनेगा। जब हम इस हाउस के लिए चुने गए, तो हमें कहा गया कि अब आप कुछ काम करा सकेंगे। हम ने कहा कि पता नहीं हम कुछ करा सकेंगे या नहीं, लेकिन हम इस के लिए पालियामेंट में बोलेंगे जरुर, करना या न कुछ करना तो कांग्रेस पर है। मैं समझता हूं कि कि जब उसका पतन होगा, तब यह सब काम होगा।

श्री कांबले (लातूर) : उपाध्यक्ष महोदय, रेलवेज़ हमारे देश का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है। देश की राष्ट्रीय सम्पत्ति के रूप में उस को बहुत अधिक महत्व प्राप्त है। सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी सारे देश से इस का सम्बन्ध है। यह बात समझ में नहीं आती है कि एक व्यापार और उद्योग के रूप में चलाए जाने वाले इस महत्वपूर्ण विभाग में घाटा क्यों हो रहा है। मंत्री महोदय ने अपने भाषण के पैराग्राफ 2 में कहा है, "1966-67 के लेखे बन्द करते समय घाटा पूर्वानुमानित 24 करोड़ रुपये से घट कर 18.27 करोड़ रुपये रहा, क्योंकि साधारण संचालन-व्यय में 5.75 करोड़ रुपए की बचत हुई। इस बचत का मुख्य कारण यह था कि वर्ष के अन्तिम सप्ताहों में कम कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, ... ।"

जहां तक कर्मचारियों की संख्या का प्रश्न है, मैं समझता हूं कि रेलवेज़ का पूर्ण गठन ही साम्पत्तिक ह्रास का एक बहुत बड़ा कारण है। इस में रेल मंत्री, रेल राज्य-मंत्री, रेल उप-मंत्री से लेकर रेलवे बोर्ड के सदस्य निदेशक, महानिदेशक, महाप्रबन्धक आदि असंख्य अफ़सर और कर्मचारी सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में मैं रेलवे बोर्ड का जिक्र खास तौर पर करना चाहता हूं, जिस पर 1,39,93 हजार रुपये खर्च होता है। मंत्री महोदय को इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या वास्तव में रेलवे बोर्ड की कुछ आवश्यकता है। हम देखते हैं कि हमारे देश में कृषि मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय आदि कई मंत्रालय काम कर रहे हैं, लेकिन उनमें ऐसा कोई बोर्ड नहीं है, जिस के हाथ में इतनी ताकत हो। केवल रेलवेज़ ही ऐसा विभाग है, जिस में रेलवे मंत्रालय भी काम करता है और उस के अलावा रेलवे बोर्ड भी काम कर रहा है, जिस पर इतना रुपया व्यय किया जाता है। रेलवे बोर्ड में फिनांशल कमिश्नर को चार हजार रुपये और चैयरमैन को साढ़े तीन हजार रुपये वेतन मिलता है। इस प्रकार के और भी बहुत से उच्चाधिकारी हैं, जिनको बहुत अधिक वेतन दिया जाता है।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि रेलवेज़ को नौ जोन्ज़ (विभाग) में तकसीम किया गया है, जिन का काम जनरल-मेनैजर्ज की देख-रेख में होता है। उन के सहायक भी काम में हाथ बंटाते हैं। इस के अतिरिक्त रेलवेज़ के विभिन्न डिपार्टमेंट अपना-अपना काम करते हैं; यह बात समझ में नहीं आती है कि इस सब के बावजूद रेलवे बोर्ड पर इतना खर्च करने की क्या जरूरत है। अगर मंत्री महोदय समझते हैं कि रेलवे बोर्ड को बनाए रखने की वाकई जरूरत है, तो उस के सब काम का जायजा ले कर उसके आकार में कमी

[श्री कांबले]

की जाये, अफ़सरों की संख्या में आवश्यक कमी की जाये, ताकि रेलवेज़ को जो घाटा हो रहा है, उस की पूर्ति हो सके ।

मंत्री महोदय ने अपने भाषण के पैराग्राफ 17 में कहा है, "भारतीय रेलों को भारी सामाजिक बोझ का वहन करना पड़ता है । ...विद्यार्थियों को किराये में भारी रियायतें दी जाती हैं । ....दैवी प्रकोप जैसे सूखा, अकाल, बाढ़ तथा तूफान से प्रभावित क्षेत्रों को, रेलें, अनाज, चारे, कपड़ों, कम्बलों, दूध के पाउडर, दवाइयों और नमक की ढुलाई मुफ्त करती रहीं ।" हो सकता है कि इन कारणों से रेलवे की आमदनी में कुछ कमी हुई हो । लेकिन इस के कुछ और भी कारण हैं, जिनकी ओर मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिये ।

उदाहरण के लिए सड़क-परिवहन के द्वारा माल के लाने ले जाने में वृद्धि हुई है । इस का कारण यह है कि रेलवेज़ द्वारा व्यापारियों का माल देर से और टूटी-फूटी हालत में पहुंचता है, जबकि ट्रकों आदि द्वारा माल सही सलामत गन्तव्य स्थान पर पहुंचा दिया जाता है, और उस में देरी भी नहीं होती है । यही वजह है कि आज कल लोगों में अपना माल रेलों के बजाए सड़क-परिवहन के द्वारा ले जाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिस के परिणाम स्वरूप रेलवेज की आमदनी में कमी हो रही है । रेलवे प्रशासन को इस बात की व्यवस्था करनी होगी कि रेलवेज़ द्वारा माल सुरक्षित, सही सलामत और शीघ्र पहुंचाया जाये, ताकि अधिक से अधिक लोग अपना माल रेलों के द्वारा ही भेजें ।

विद्यार्थियों को किराये में रियायत देना तो उचित ही है क्योंकि वे कमाते कुछ नहीं, लकिन इसके साथ यह भी आवश्यक है कि हर लाइन पर बिना टिकट प्रवास करने की जो प्रवृत्ति बढ़ रही है, उस की रोक-थाम की जाये । रेलवे प्रशासन के पास इस सम्बन्ध में जो वर्तमान प्रबन्ध है, या तो उस का ठीक और पूरा उपयोग कर के और या कोई नया स्पेशल डिपार्टमेंट बना कर बिना टिकट यात्रा को रोका जाना चाहिये, ताकि रेलवेज़ की आमदनी में वृद्धि हो ।

यह भी देखा गया है कि बहुत से स्टेशनों पर बड़े-बड़े चाय के दुकानदार, कंट्रेक्टर और कर्मचारी रेलवेज़ का कोयला ही इस्तेमाल करते हैं और कोई भी कोयला खरीदता नहीं है । इस बारे में पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए और यह व्यवस्था करनी चाहिए कि कोई भी व्यक्ति या दुकानदार आदि इस प्रकार रेलवेज़ के कोयले का दुरुपयोग न कर पाए । मेरे ख्याल में स्टेशनों के आहाते में तो आज कल कोई भी कोयला खरीदता नहीं है, सब लोग अपनी भट्टियों में मुफ्त का कोयला जलाते हैं ।

मंत्री महोदय के भाषण के पैराग्राफ 25 में अलाभप्रद लाइनों को बन्द करने का ज़िक्र किया गया है । जिस लाइन पर माल की ढुलाई और यात्रियों का आना-जाना कम हो, उसको अलाभप्रद लाइन कह सकते हैं । लेकिन कुछ लाइनें ऐसी भी हैं, जो दूसरी लाइन के साथ न जोड़े जाने की वजह से अलाभप्रद हो जाती हैं । उदाहरण के लिए, जैसा कि मैंने पिछली बार भी कहा था कि विकाराबाद-परली की ब्राडगेज लाइन और मिरज-लातूर की नैरोगेज लाइन के बीच का अन्तर, जोड़ा जायेगा । लातूर रोड से लातूर का अन्तर, चौबीस किलोमीटर है । इन दोनों लाइनों को जोड़ा जाना चाहिये । लातूर मूंगफली की हिन्दुस्तान में सब से बड़ी मंडी है । वहां से देश-विदेश को भी माल भेजा जाता है ।

लेकिन तकलीफ इस बात की है कि वहां पर से जो माल भेजा जाता है बम्बई को तो बम्बई के रास्ते में वह कुरडुवाड़ी पर उतारना पड़ता है जो कि वहां तक छोटी लाइन है । उसके आगे फिर बड़ी लाइन है । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि 24 किलोमीटर का जो अन्तर है लातूर रोड से लातूर तक जोड़ा जाये और

वहां लातूर से कुरद्वाड़ी तक उस को ब्राडगेज से जोड़ दिया जाय तो यातायात की दृष्टि से भी सुविधा होगी, व्यापारिक दृष्टि से भी सुविधा होगी और आप की आमदनी भी बढ़ेगी ।

दूसरी बात जिस की ओर मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह है रेल के किराये के संबंध में। किराये को भी आप ने बढ़ाया है। प्रत्येक यात्री टिकट पर 5 रुपये तक आप ने 5 पैसा बढ़ाया है और 5 रुपये से 15 रुपये तक 10 पैसा बढ़ाया है। मैं तो यह कहूंगा कि पांच रुपये तक जो बढ़ाया है वह बढ़ाने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि 5 रुपये तक के टिकट से यात्रा करने वाले नजदीक जाने वाले यात्री होते हैं जो ज्यादा पैसे वाले नहीं होते। उन के ऊपर बढ़ाना मुनासिब नहीं है। जो दूर जाने वाले होते हैं वह बिजनेस करने वाले और पैसे वाले होते हैं उन के ऊपर किराया बढ़ाना ठीक है लेकिन इन थोड़े अंतर वाले यात्रियों पर के ऊपर बढ़ाना ठीक नहीं है। प्लेटफार्म टिकट भी आप ने बढ़ाया है। प्लेटफार्म टिकट के बारे में कल हमारी एक बहिन कह रही थीं वह ठीक ही है उन का कहना कि बगैर प्लेट-फार्म टिकट के लोग अन्दर घुस जाते हैं और उन को वैसे ही छोड़ दिया जाता है। अब प्लेटफार्म टिकट का तो ऐसा है कि किसी को भेजना है, उस के भाई हैं या बहन हैं, घर के चार पांच लोग हैं, अब 20 पैसे का टिकट आप ने कर दिया तो 1 रुपये तो वैसे ही पड़ गया। मेरा कहना यह है कि प्लैटफार्म टिकट से तो कोई खास कर आमदनी आप को बढ़ती नहीं है। इसलिए इस के बढ़ाने से कोई फायदा नहीं है। आमदनी बढ़ाने के लिए तो कोई और जरिया आप को सोचना होगा। उस के लिए जैसा मैंने आप को कहा कि माल के यातायात को सुविधा पैदा की जाय, बिना टिकट के यात्रियों का पकड़ा जाय और लाइनों का एक दूसरे से कनेक्ट किया जाय, यही उपाय आमदनी बढ़ाने के हो सकते हैं।

इसके बाद रेल कर्मचारियों की कुछ बातें मैं कहना चाहता हूं। रेल कर्मचारियों की बहुत सी बातें अच्छी भी होती हैं जैसे कि पश्चिम रेलवे है। पश्चिम रेलवे में बहुत सी बातें और जगहों से अच्छी हैं। मैं साउथ रेलवे में और दूसरी रेलों में भी सफर करता हूं। उन में खाने पीने की सुविधा या सफाई आदि का इन्तजाम ठीक तरह नहीं होता। खाना ऐसा मिलता है कि जो खाया न जाय। दक्षिण रेलवे में मैं देखता हूं खाने की बड़ी तकलीफ होती है। खाना बहुत ही खराब मिलता है। उन से कहते हैं तो वह कहते हैं कि हम क्या करें ? यही आप के मिनिस्टिर साहब के डिपार्टमेंट की तरफ से आता है। तो उस की तरफ ध्यान दिया जाय। कहीं तो ऐसा होता है कि कई कई स्टेशन तक चले जाते हैं और गाड़ी में पानी तक नहीं होता है। किसी को पेशाब या पाखाने जाना हो तो उसमें बड़ी दिक्कत होती है। तो इस तरफ ध्यान देने की जरुरत है और खास कर के जो बड़ी लाइनें है उनमें तो इस पर जरूर ध्यान दिया जाना चाहिए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि सेंट्रल साउथ जोन एक नया जोन बनाया गया है जिस में कि मनमाड़ से लेकर दौंड तक का इलाका और शोलापुर से निचला इलाका सब उसमें डाल दिया गया है। बहुत से स्टेशन मास्टरों को ट्रांसफर कर के उस में भेज दिया गया है। अब न उन को हिन्दी आती है न मराठी आती है। इससे बड़ी दिक्कत उठानी पड़ती है और जो उन लोगों की सीनियरिटी वगैरह है उसमें भी दिक्कत पड़ रही है। इसलिए मेरा कहना यह है कि मनमाड़ से दौंड़ तक जो इलाका पहले जैसे शोलापुर डिवीजन में था वैसे ही उस को उस के साथ ही जोड़ दिया जाय ताकि उन को सुविधा हो सके।

दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा विकाराबाद-परली लाइन के बारे में जो कि मेरे इलाके में

[श्री कांबले]

जाती है। उसमें बहुत से स्टेशनों पर प्लेट-फार्म नहीं हैं। न तो वहां कोई वेटिंग रूम हैं। छोटे-छोटे रूम जो हैं उन में 20-25 आदमी मुश्किल से बैठ सकते हैं। खास कर के उद्गीर स्टेशन का मैंने जिक्र पहले भी किया था वहां बरसात में लोगों को भीगते हुए खड़े रहना पड़ता है और धूप के दिनों में धूप में ठहरना पड़ता है। तो मैंने प्रार्थना की थी कि अगर वहां वेटिंग रूम नहीं तो कम से कम प्लैटफार्म के ऊपर एक शेड ही डाल दिया जाय ताकि शेड के नीचे तो लोग आराम से रह सकें।

आखीर में एक बात कहना चाहूंगा कि रेल कर्मचारियों के अन्दर शिड्यूल्ड कास्ट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोग कितने हैं? किस अनुपात में उन को लिया जा रहा है यह भी देखा जाना चाहिए। फर्स्ट क्लास, सेकेंड क्लास और थर्ड क्लास में कितनी भर्ती उनकी की गई है इस को देखा जाय। मेरा ख्याल है कि वह जगहें उन की अपूर्त हैं। इसलिए मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि उसकी ओर ध्यान दें। उस को आप देखें और पूरा करने का प्रयत्न करें।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : उपाध्यक्ष जी, रेल मंत्री से कुछ शिकायत करने के बजाय कुछ आवश्यक सुझाव देना मैं अपने सीमित समय में आवश्यक समझता हूं। मोगलसराय में पीछे श्री दीन दयाल उपाध्याय की हत्या जहां भारत सरकार के सुरक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के माथे पर एक बहुत बड़ा कलंक है वहां इस कलंक से रेल मंत्रालय भी बच नहीं सकता। रेल के इतिहास में यह इस प्रकार की वीभत्स और जघन्य घटना हुई है कि जिस के लिए रेल मंत्रालय अपने को उस से अछूता रखना भी चाहे तो नहीं रह सकता है। रेल मंत्रालय की लापरवाही और उपेक्षा-वृत्ति के कारण एक इस प्रकार के अखिल भारतीय संगठन के अध्यक्ष की हत्या हुई है। मेरा अपना निवेदन इस संबंध में इस प्रकार है कि अगर रेल मंत्री ने इस प्रकार की गाड़ियों में या इस प्रकार की बोगियां जो कुछ स्टेशनों पर हटा कर दूसरी गाड़ियों में लगती हैं उन में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था ही होती तो यह दुर्घटना होने से बच सकती थी। सुरक्षा के संबंध में मैं केवल यात्रियों की ओर ही ध्यान आकृष्ट नहीं करना चाहता। मैं इस समस्या के दूसरे पहलू को भी रखना चाहता हूं। अभी कुछ दिन पहले मेरे कानों में इस प्रकार की घटना सुनने में आई कि टूंडला और कानपुर के बीच में एक माल गाड़ी के गार्ड की भी हत्या की गई। कई स्थान इस प्रकार के हैं कि जहां रात को माल गाड़ियां खड़ी रहती हैं और चोरों और डकैतों का गिरोह आकर उन को मारता है, घायल करता है। इसी प्रकार से कई स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं भी देखने को मिली हैं कि जहां रेलवे कर्मचारी अपने कर्त्तव्य का पालन करना चाहते हैं पर कुछ इस प्रकार के गिरोह या संगठन हैं जो बाधा डालते हैं, रेलवे मंत्रालय की ओर से पूरी सुरक्षा उन्हें नहीं मिलती और विवश हो कर फिर वह अपना हाथ खींच लेते हैं। यात्रियों की सुरक्षा जहां होनी चाहिए उसी के साथ-साथ रेल मंत्रालय इन लोगों की सुरक्षा का दायित्व भी ले। उस के लिए चाहे कुछ विशेष नियुक्ति करनी पड़े या कोई नया विभाग बनाना पड़े वह बनाया जाय। लेकिन यह अत्यन्त आवश्यक है कि जो रेल कर्मचारी अपने कर्त्तव्य का पालन कर रहे हैं उन की सुरक्षा का दायित्व रेल मंत्री लें और इस के लिए बड़ी सतर्कता के साथ कोई निर्णय लिया जाय।

दूसरी सब से बड़ी बात मैं कहना चाहता हूं कि रेलवे स्टेशनों पर जो बुकस्टाल हैं उन के संबंध में मुझे पता है कि कच्ची और नई पीढ़ी के जो युवक रेलों से यात्रा करते हैं उनके लिए कितना गन्दा और हलका साहित्य इन बुक-स्टालों पर बिकता है। इस हलके साहित्य के द्वारा जिस प्रकार नई पीढ़ी का मस्तिष्क विकृत किया जाता है पता नहीं कभी रेलवे विभाग ने इस ओर ध्यान दिया या नहीं। मैं चाहता हूं

कि इस विषय पर जरा गंभीरता से ध्यान दिया जाय। इन बुक-स्टालों पर बिकने वाला साहित्य कहीं हमारी नई पीढ़ी को उलटी दिशा और उलटे रास्ते पर तो नहीं ले जा रहा है? मुझे पहले पता है कि हमारे देश में जो बुक-स्टाल होते थे स्टेशनों पर या इन पर जो साहित्य होता था, बुक-स्टालों को अगली अवधि के लिए लाइसेंस देते समय यह शर्त रहती थी कि अगर इन की सेवा सन्तोषप्रद रहेगी तो आगे के लिए इन के लाइसेंस का रिन्युअल किया जा सकता है। अब मुझे पता चला है कि रेल मंत्रालय ने इस क्लाज को हटा दिया है। चाहे वह ए० एच० ह्वीलर हों या किसी और का बुक-स्टाल हो, मेरा कहना यह है कि अगर इन बुक स्टालों के पास इस प्रकार का साहित्य है कि जो रेल से यात्रा करने वाले चाहे नई पीढ़ी के लोग हैं या बड़ी पीढ़ी के लोग हैं, उन के लिए अच्छे साहित्य का वितरण वह करते हैं और उन की सेवा में कोई कमी नहीं है तब उन बुक-स्टालों को वहां रहने दिया जाय। उस क्लाज को हटाना यह मेरी दृष्टि में कोई उपयुक्त बात नहीं मालूम पड़ी। पिछली बार मैं ने उप-मंत्री श्री आर० एल० चतुर्वेदी से भी इस पर चर्चा की थी कि इस को देखना चाहिए।

तीसरी बात यह कि इस बार रेल मंत्री ने किराये के अन्दर कुछ वृद्धि की है। अगर किराये के साथ-साथ सुविधाओं में भी कुछ वृद्धि की होती तो उसका कुछ औचित्य ठहराया जा सकता था। लेकिन देखा यह जाता है, उपाध्यक्ष जी, हम लोग जो संसद सदस्य हैं, हमें तो अधिकांश रूप में प्रथम श्रेणी में ही यात्रा करने का अवसर मिलता है। लेकिन जो तीसरी श्रेणी के या दूसरी श्रेणी के यात्री हैं किस प्रकार उनके कम्पार्टमेंट में शौचालय की स्थिति होती है? कैसे पूरी की पूरी गाड़ी अन्धेरे में निकलती है। उस के अन्दर किसी प्रकार के भी बल्ब की व्यवस्था नहीं होती। कह दिया जाता है कि क्या करें? गाड़ी खड़ी रहती है, लोग बल्बों की चोरी कर लेते हैं, 20 साल पहले भी तो रेल मंत्रालय था, तब इतनी चोरियां क्यों नहीं होती थीं? आज यह चोरियां क्यों बढ़ रही हैं? मैं कहना चाहता हूं कि इन चोरियों में चोरों के साथ-साथ कहीं डिपार्टमेंट के लोगों का भी तो हाथ नहीं है। वह ही तो कहीं इन चोरों से मिले हुए नहीं हैं; जिस आधार पर यह सारी की सारी स्थिति बन गई है। इस बात को भी जरा आप देखें। इस के कारण सारे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

मैंने पिछली बार भी रेलवे बजट के सम्बन्ध में एक इस बात का अनुरोध किया था कि आप दिल्ली के ऊपर जनसंख्या का भार कम करने के लिए आस-पास के नगरों में चाहे वह उत्तर प्रदेश के मेरठ तक और हापुड़ तक हों या सोनीपत, पानीपत, गुड़गांव, अलवर आदि हों। जितने इस प्रकार के निकट के नगर हैं उन के लिए कुछ अधिक संख्या में तेज गाड़ियों की व्यवस्था करें। लोग अपना काम यहां कर के अपने घरों को जा सकें और अगले दिन फिर इस प्रकार की गाड़ियां उन को मिलें कि वह आफिस के समय पर यहां आ सकें। आप ने कुछ इस दिशा में काम किया तो है लेकिन तेज चलने वाली गाड़ियां केवल दिल्ली से कलकत्ते ही मत चलाइए बल्कि दिल्ली की मांग की भी पूर्ति कीजिए और उसके लिए कम से कम जो आसपास के बड़े नगर हैं वहां लोग आसानी से जा कर अपना जीवन बिता सकें इस प्रकार की व्यवस्था आप को करने की आवश्यकता है।

इसके साथ-साथ मैं इस में एक बात और सम्मिलित करना चाहता हूं। दिल्ली के पास एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थान है, जिसका नाम गढ़ मुक्तेश्वर है, वहां पर हर अमावस्या और पूर्णिमा को काफ़ी बड़ा मेला लगता है, दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग वहां जाते हैं। उसी तरह इधर उधर मुरादाबाद से भी लोग वहां आते हैं। इस लिये मैं चाहता हूं कि पूर्णिमा और अमावस्या के दिन इस ओर आनेवाली गाड़ियों में दो डिब्बे अतिरिक्त जोड़े जाएं और

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

हर गाड़ी के वहां ब्रिज-हाल्ट पर रोकने की व्यवस्था कर दें तो इससे यात्रियों को बहुत सविधा हो जायगी ।

एक बात जो मुझे विशेष रूप से रेल मंत्री जी से कहनी है, वह है भारतीय भाषाओं के प्रयोग के बारे में । भारतीय भाषाओं के प्रयोग की जब मैं बात करता हूं तो फिर से इन शब्दों को दोहराना चाहता हूं कि मैं केवल रेल मंत्रालय में हिन्दी के प्रयोग की बात पर बल नहीं दे रहा हूं । बल्कि भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर बल दे रहा हूं । जैसे आपके मैसूर क्षेत्र में जो गाड़ियां चलती हैं उधर रेलवे से सम्बन्धित जितना साहित्य प्रकाशित होता है, वह कन्नड़ भाषा में प्रकाशित करें मद्रास में तमिल भाषा में प्रकाशित करें । आपने कभी अनुमान लगाया है कि अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले साहित्य का अनुपात क्या है और भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले साहित्य का अनुपात क्या है ? और तो और जिन बातों से आम आदमियों का सम्बन्ध नहीं है । जैसे माल गाड़ियों के डिब्बे में जिनमें सामान भरा जाना है । 20 साल के बाद भी, जब कि हम निर्णय ले चुके हैं कि भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देना है, उन डिब्बों पर अंग्रेजी में लिखा जाता है । "एन० आर०" क्या उत्तर रेलवे के पर्यायवाची शब्द "उ० रे०" नहीं लिखा जा सकता ? क्या ऐसा करने से उस में कुली माल डालने से इन्कार कर देगा । जितना अधिक से अधिक इस में भारतीय भाषाओं का प्रयोग कर सकें, अपने साहित्य के द्वारा भी, जिसके द्वारा कि लोग रेलवे की सुविधाओं के प्रति आकर्षित हों या अन्य भी दूसरे ढंगों से भी भारतीय भाषाओं के प्रयोग की ओर ध्यान देना चाहिये ।

आप का बनारस में डीज़ल इन्जिन का कारखाना है । यह डीज़ल का कारखाना जब बनारस में लगने लगा—मैं रेल मंत्री जी का ध्यान उसकी ओर विशेष रूप से आकर्षित करना चाहता हूं । पहले यह हुआ कि अमरीका से पहले कुछ डीज़ल इन्जिन मंगाये गये । इन के बीच में खाली जगह होती है और ये इन्जिन लौक होकर बनारस तक आते थे । इन के अन्दर चोरी का सामान आता था और रेलवे के बड़े बड़े अधिकारियों के घर में वह सामान जाता था रेफ्रीजरेटर्स आते थे, रेडियो आते थे, ट्रांज़िस्टर्स आते थे, लाखों रुपये का सामान आता था । पता कैसे चला ? जब एक रेलवे इन्जिन का अचानक कलकत्ता में दर्वाज़ा खोला गया तो उसमें वह सामान भरा देखा गया । जब पता चला तो अगले जो इंन्जिन जा रहे थे, उन को बीच में रुकवाया गया और देखा गया कि वे भी सामान से पूरे भरे हुए थे । पता लगते लगते पता चला कि जितने भी इन्जिन अमरीका से आये, उन सब के अन्दर इस प्रकार बराबर चोरी का सामान आता रहा और रेलवे के बड़े-बड़े अधिकारियों के घर में जाता रहा । उन्होंने इस का क्या पुरस्कार दिया ! हमारे यहां डीज़ल इंजिन का जो कारखाना लगा है, यह अमरीका का रिजेक्टेड कारखाना है । जिसको अमरीका सरकार अनुपयोगी कर चुकी थी । उसको यहां पर लाया गया और यही वजह है कि जिस क्षमता से उसको कार्य करना चाहिये था, वह नहीं कर सका । पीछे इस के सम्बन्ध में जब मैंने प्रश्न पूछा कि आपने उन अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की जो इस प्रकार उन के साथ मिल कर देश द्रोह करते रहे । रेल मंत्री ने उत्तर दिया—हां, इस प्रकार की घटना तो हुई थी, लेकिन इस बात को आगे बढ़ाना आवश्यक नहीं समझा गया । मैं चाहता हूं कि केवल आगे बढ़ाना ही नहीं, बल्कि अगर कोई अफ़सर रिटायर भी हो चुके हैं, तो उन के खिलाफ़ कार्यवाही करनी चाहिये । जिन्होंने देश द्रोह का काम किया है, इस प्रकार से गलत कारखाना बनारस में ला कर लगाया, और देश का करोड़ों रुपया बरबाद किया, उन के खिलाफ़ अवश्य कार्यवाही होनी चाहिये, इस को यहीं समाप्त नहीं करना चाहिये, जिस को आप दबाना चाहते हैं ।

अगली बात मैं रेलवे स्टेशनों पर रेस्टोरैन्ट्स के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । मुझे इस कटु सत्य को कहने की, उपाध्यक्ष जी, आप मुझे अनुमति दें । जितने रेलवे की ओर से चलने वाले रेस्टोरैंट्स हैं उन का इन्तजाम बहुत खराब है, बल्कि इतना दूसरों का खराब नहीं है । रेलवे प्रशासन ने इन को इसी लिये अपने हाथ में लिया था कि इन का प्रबन्ध ठीक किया जा सकेगा । लेकिन उनकी प्यालियां, प्लेटें, थालियां और उनकी सर्विस बहुत खराब है । वह समझते हैं कि हमारे को इतना वेतन तो मिल ही जाना है । अभी पीछे कानपुर स्टेशन के रेस्टोरैंट में मेरे साथ जो घटना घटी, उसे मैं आपको बताना चाहता हूं । मैंने चेयरमैन रेलवे बोर्ड को लिखा, डिवीजनल सुप्रीन्टेन्डेंट को लिखा और रेल मंत्री जी को भी लिखा, लेकिन उस के बाद मेरे पास उत्तर आता है — हमें दुख है — पर उस उत्तर के अन्दर कोई विशेष बात नहीं थी । जैसे सामान्य घिसे-पिटे उत्तर होते हैं, उसी प्रकार का उत्तर उन्होंने मुझे भेज दिया । ऐसी हालत में मैं समझता हूं कि क्या आप जो निजी रेस्टोरांट चलाने वाले हैं, उनको कैसे प्रोत्साहन देंगे आप इस बात को सोचें ।

आखिरी दो बातें और कहना चाहता हूं । एक है रेल गार्डों के सम्बन्ध में । पिछले 20 सालों में रेलवे प्रशासन में हर विभाग में वेतन बढ़ा है, महंगाई बढ़ी है, लेकिन एक अभागा डिपार्टमेंट अगर रेलवे का है तो गार्डों का डिपार्टमेंट है । पहले हर गाड़ी में तीन-गार्ड होते थे— एक कंडक्टर गार्ड होता था, एक लगेज गार्ड होता था और एक गार्ड इन्चार्ज होता था । यह उस समय की स्थिति है जब गाड़ियों में आठ डिब्बे लगते थे । लेकिन आज जब 22 डिब्बे लगते हैं तो ट्रांसपोर्टेशन को दो विभाग कामर्शियल डिपार्टमेंट को सौंप दिये गये और अब वह बेचारा गार्ड-इन्चार्ज ही है, जिस पर 22 डिब्बों की जिम्मेदारी होती है । एक्सीडेन्ट्स की भी उसी की जिम्मेवारी है, सुरक्षा की भी उसी की जिम्मेदारी है, सारे का सारा दायित्व उस का है । जिस तरह रेलवे विभाग के दूसरे कर्मचारियों के सम्बन्ध में सोचते हैं, इस अभागे गार्ड के सम्बन्ध में भी सोचिये । रात को मालगाड़ी जंगल में खड़ी हुई है वह अपने जीवन को लिये हुए खड़ा है, पता नहीं कब मालगाड़ी के चलने के लिये सिगनल दिया जायगा । यह जो आप के रेलवे का उपेक्षित विभाग है, इसके सम्बन्ध में विचार करें ।

कई बार यहां पर चर्चा हुई है और आपने बहुत अच्छा किया—मैंने एक रिक्वैस्ट की थी कि मेरठ और गाजियाबाद के बीच में वुहाई में एक फ्लैग स्टेशन खोला जाय— आपने उस को खोलने का निर्णय किया है । लेकिन उस को थोड़ा सा चालू भी करा दीजिये । अपने निर्णय को कार्यान्वित करा दीजिये ।

लखनऊ के लिये देहरादून से मुरादाबाद हो कर जो गाड़ियां पास होती हैं, उन में रात को तीन एक्सप्रेस गाड़ियां हैं सुबह को एक मेल है, एक पैसेन्जर ट्रेन है, ये सारी की सारी रामपुर हो कर पास होती हैं । जब कि तेज गाड़ी केवल रामपुर रुकती है और वहां यात्री नहीं मिल पाते हैं । इन चार गाड़ियों में से एक गाड़ी— चाहे इलाहाबाद पैसेन्जर को चलायें या देहरादून एक्सप्रेस को चलायें । या लखनऊ मेल को चलायें —आपके रेलवे का सब से बड़ा ट्रेनिंग कालिज चन्दौसी में है, एक गाड़ी को रामपुर के बजाय चन्दौसी होते हुए बरेली पास करें यदि ऐसी व्यवस्था कर दें, तो बहुत सुविधा हो जायगी ।

मैं समझता हूं कि रेल मंत्रालय इन सुझावों पर ध्यान देगा । मैं इन को शिकायतों के रूप में आपके सामने नहीं रख रहा हूं । मैं आशा करता हूं कि आप गम्भीरता से इन पर विचार करेंगे ।

SHRI T. M. SHETH (Kutch) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, before I begin I must thank you sincerely for giving me an opportunity to speak on the Railway Budget. I will not dilate on the points

[Shri T. M. Sheth]

which have been mentioned by many Members on either side of the House but I will only mention some of these points for the sake of emphasizing them.

About the Railway Board it has been said that it should be abolished. I would not advocate its abolition but I would point out one fact about it. Our railways are the biggest public sector undertaking in India sprawling throughout the length and breadth of India. For the last two years we are having deficit budgets. It appears that perhaps we are in for a term of deficit budgets. Possibly, it appears to me that in point of efficiency the Railway Board has reached a stage when the law of diminishing returns has set in. Therefore the Railway Minister might consider whether it is necessary to continue the Railway Board in its present form or might split it up in certain units so that the different parts may look into in different ways.

Under the railways at present there are also four or five administrations like the Chittaranjan Locomotives, Integral Coach Factory and such other things. These are public sector undertakings and it is possible that they may be run like other public sector undertakings. It is for the Railway Minister to consider whether these points have any relevance with regard to the efficiency of the railways.

The second point is with regard to the point which has been made by the Estimates Committee. The Estimates Committee's Report says that so far as the railway concessions to the gazetted railway staff and the retired railway servants are concerned, they are too extravagant. The hon. Deputy Minister has said that they are not too extravagant. However, that is the opinion of the Estimates Committee as also that was the opinion of the Second Pay Commission. The Second Pay Commission has observed that the travel privileges allowed to railway employees are conspicuously extravagant and in large part indefensible. The Estimates Committee has estimated that the amount of these concessions comes to about Rs. 18 crores. Now, some of these concessions will have to be continued. But it appears from reading this Report that a large part of this amount can be saved and, if that is possible, the deficit of the Railways will go down appreciably.

Another point which I would like to make is about the utilisation of wagons and the utilisation of locomotives. Looking to the performance of the Railways, as I find from pages 38 and 40, it appears both the utilisation of locomotives and engines since 1962 upto date has either gone down or remained stationary. Therefore, it is very necessary to see that there is proper and optimum utilisation of both locomotives and wagons. So far as my part of the country is concerned, I have always found that we are short of wagons whereas at other places there is a surplus of wagons. I would, therefore, request the hon. Minister to look into this problem also.

Then, there is the thing about the narrow gauge railways. Of course, the point has been made out and the hon. Deputy Minister has replied to it. But about this also, I would say that these narrow-gauge railways, metre-gauge railways and broadgauge railways, about these three system of railways, the Railways seem to have a very soft corner for the broad-gauge railways. Their performance, they say, is very good. It is, naturally, so because on the broad-gauge, 32 per cent of the running track is double track; on the broad-gauge, there is electrification and, on the broad-gauge, there is dieselisation and, naturally, the performance of the broad-gauge will be better than the performance of the metre-gauge where the double track is only 1.6 per cent and there is hardly one diesel track. About the narrow-gauge, of course, there cannot be any double track and there cannot be any dieselisation. Therefore, when you look at the performance of the different gauges, you have to see whether a particular gauge is given preferential treatment or not and, if that gauge is given preferential treatment, then it is bound to give better results. The Railway administration should see that all the gauges are given the same treatment. If they are given the same

treatment, I am sure, there would be equal results and the same will apply to the narrow gauge also. About the narrow-gauge, there is also one thing that they are in isolated segments and, as they are in isolated segments, the utilisation of wagons and locomotives will not be to the desired or the optimum extent. Therefore, in order that they may be viable units, it is very necessary that the Railways should either convert them into nearly metre-gauge or broad-gauge section or should so connect them that they are in any way, under utilised.

Coming to my State, so far we have asked for 20 lines in the last 20 years and there is no end to it. So far as Bhavnagar-Tarapur railway line is concerned, I think, twice or thrice the traffic survey or the engineering survey has been done. So far as Rajkot-Jasdam railway line is concerned, it is only a small link which, if constructed, will lead to better operation of the railways.

Then, I come to my constituency and, in my constituency, Kandla Zund railway line is under construction. It is only a segment of 147 miles and it will take 10 years to complete it. The first work was started sometime in 1959 and, I think, they say it will be completed in 1969. I hope it will at least be completed in 1969.

Then, there is something about the Kandla port itself. The Kandla port has been constructed with a view to relieving the congestion at the port of Bombay because Karachi was lost to India on partition of the country. Therefore, what was the hinterland of Karachi became the hinterland of Kandla and, therefore, there should be all the traffic to Kandla from that hinterland. What has the Railway done ? The Railway has reduced freight from the places near to Kandla for Bombay. I will take only one instance because there is no time at my disposal. Bhatinda is about 1,100 KMS from Kandla and about 1,600 KMS from Bombay. From Bhatinda to Bombay, the railway freight is Rs. 92 whereas from Bhatinda to Kandla, the railway freight is Rs. 101. Now, this is really very surprising. The very object of the construction of the port and the construction of the railway to that port has been much defeated. I am sure, the Railway Minister will look into this anomaly and will correct it at the earliest possible opportunity.

Now, I will speak about the extension of this Kandla-Jund line to Bhuj and Khavda. Between Bhuj and Gandhidham, the distance is only 35 miles. If this line is not extended to Bhuj, then the traffic from the metre-gauge will go to the roadways and it will be taken away by the trucks with the result that a time may come when perhaps the Railway administration may find that this line is not remunerative; not only that, but from the defence point of view, it will have to go to Khavda. That is why I would request the Railway Minister to see whether the line should be extended to Bhuj and whether it should be extended further to Khavda.

The last point is the point which I made during my speech on Kutch award, that the south-western part of Kutch is very much vulnerable. Therefore, it is very necessary that the railway connection should be extended to that portion. A railway line from Adipur to Mundra and Mundra to Mandvi and Koteswar is very necessary. It is necessary not only from the point of view of defence but also from the point of view of traffic. It will have enough traffic. There are so salt works producing 2 to 3 lakh tonnes, there are bouxide deposits, there are lignite deposits, there are deposits of clays and lime-stone. I would request the Railway Minister to consider this.

Before I conclude, I will request him about one Station, Madhapur. We have a Station there which was working for 50 years, and that has now been converted into a flag station. I would request him to restore the *status quo ante*.

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank the hon. members of this august House for having bestowed careful considerations on the proposals that I have submitted to this House on the 19th of last month.

Before coming to the various points that have been specifically mentioned by

[Shri C. M. Poonacha]

the hon. members, I would deal with some broad subjects concerning the railway administration in general.

Mention has been made very pointedly with regard to the finances of the Railway Board. I had in my speech referred to the railway finances and observed that the railway finances were quite sound. Members have doubted this statement of mine. I still maintain that, so far as the working of the railways is concerned, on revenue expenditure and revenue earnings, the finances are quite sound and they are in some respects looking up and we have been able to meet all our obligations, obligations in the sense that we have met our revenue expenses fully from out of our own earnings and also the commitments; by commitments I mean the interest obligations to the General Revenues by way of payment of dividend. Here I had mentioned in my speech that the commitment on the railways in respect of payment of dividend increases at the rate of Rs. 10 crores per annum. Last year, that is, during 1966-67 we contributed Rs. 132 crores to the general exchequer. During the current year we have contributed Rs. 141 to 142 crores. Next year, the budget commitment is Rs. 152 crores. Progressively it is increasing at the rate of Rs. 10 crores per annum. This is a fixed commitment. This is because of the fact that the development programmes which we have tried to moderate and limit to the essential requirements are still at the rate of about Rs. 150 crores on which we have to pay interest charges at the enhanced rate of 6 per cent. 6 per cent on Rs. 150 crores would come to about Rs. 9 to 10 crores. So, this fixed commitment charged on the railway finances as payment to the general revenues is increasing at the rate of Rs. 10 crores per annum.

I would again refer to the point that the annual increment element, so far as the staff is concerned, is going up at the rate of Rs. 5 crores. The question may be asked how this is happening. We have implemented the Pay Commission's recommendations. But the position has not yet stabilised itself. In the normal pattern of working, the outgo, that is, the number of persons retiring annually more or less should adjust in a way with the number of persons coming in. But that has not happened yet in the railways.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : There is no man coming in because there is no recruitment.

SHRI C. M. POONACHA : That is true. So, this element of the annual increment charged on the Railway revenues is mounting up at the rate of Rs. 5 crores per annum. So, Rs. 15 crores per annum has become in the recent past an annual feature, a commitment which could just not be avoided.

If anybody were to ask why we are running into a deficit of Rs. 27 crores, Rs. 15 crores out of Rs. 27 crores is explained fully, and perhaps for some time to come, the fixed rate of increase is likely to be there so far as....

श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण): मंत्री महोदय का यह कहना कि 150 करोड़ विकास कार्यों में लगता है जिस पर कि आप को 10 करोड़ ब्याज़ ज्यादा देना पड़ता है तो मेरा कहना है कि वह 150 करोड़ रुपये की ज्यादा कमाई भी तो होती है इसलिए यह कहना कि हमें सिर्फ घाटा ही है यह ठीक नहीं है।

SHRI C. M. POONACHA : My hon. friend may exercise a little patience, because I am just coming to that point. I have started from the expenditure side. This is the position so far as the expenditure side is concerned.

Over and above that, according to the Convention Committee's recommendations which have been duly accepted by this House, we are to set apart Rs. 16 crores as payment to the State Governments in lieu of passenger tax. We have to contribute to the Pension Fund also because the railway workmen are all on the pension scheme and we have got to make provision for payment of pensions. This is at the rate of about Rs. 13 to 14 crores, but during this year I am limiting it to about Rs. 10 crores, be-

cause the outgo has been less. These and other fixed charges have placed a heavier strain on the railway finances. This accounts for the additional increase in expenditure or the working cost and is not due to any element of extravagance so far as the railway working is concerned. (*Interruptions*) I have got only half an hour at my disposal and I have to meet some important points that hon. Members have raised in the course of the debate.

So far as staff is concerned, I would like to mention this particularly to Shri Nambiar. Railway labour is considered as Government employees, though under the Industrial Disputes Act they are workmen. At the same time, they are Central Government employees. Whenever a pay Commission is established, they go into these all connected matters and make recommendations and all that is applicable to our railway workmen fully. But as far as my knowledge goes, I am subject to correction, the railwaymen elsewhere, are wage-earners and they earn wages, and there is no pension scheme and annual increment, but they have a wage in regard to which the unions concerned conduct negotiations periodically and arrive at a settlement once in five years or once in three years, and in that way whatever adjustments have got to be made are made by negotiations periodically. But in the Railways it is a regular salary. They are essentially government employees in every sense of the term, on the time-scale, with retirement benefits. My hon. friend was referring to the incidence of TB among railway workmen. I will come to that.

I might mention here that very soon, probably in about 15-20 years, we will have as many retired railwaymen as there are serving railwaymen. If we have 13 lakh serving railwaymen, we may have 13 lakh retired railwaymen.

SHRI NAMBIAR : No.

SHRI C. M. POONACHA : We will reach that stage—we are progressing at that rate. I am only making a sort of broad surmise. It would not be a wonder if such a stage is reached !

Therefore, I was saying that the building up of the pension fund is a must. Already we have a pension reserve fund of about Rs. 53 crores or so. That has got to be built up and on that, no economy can ever be envisaged. Temporarily we might make some adjustment, but there cannot be a cut or stoppage or a limitation. There will have to be regular contribution and this fund will have to be built up in due course of time because we will have a very large number of retired railway personnel in this country. Hence that also comes as a fixed charge.

SHRI NAMBIAR : The bonus portion is saved. That is there. So it is wrong economy to say so.

SHRI C. M. POONACHA : Certainly not, because this is a statutory provision, a security which, may I say proudly, is available here only, not in other countries.

